रोहतक
रविवार, 2 नवंबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष, द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 273
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 32.5
न्यून. 15.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



07 इतिहास रचने को तैयार टीम इंडिया, महिला वर्ल्ड कप को मिलेगा नया चैंपियन

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेता



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर 100 मिलियन फॉलोअर्स को पार करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मोदी अब एक्स पर दुनिया के सबसे ज़्यादा फ़ॉलोअर वाले नेता होने का गौरव प्राप्त कर चुके हैं। पीएम मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन सहित अन्य विश्व नेताओं से काफ़ी आगे हैं, जिनके 38.1 मिलियन फ़ॉलोअर्स हैं। 10 करोड़ फ़ॉलोअर्स का आंकड़ा पार किया है। *एजेंसी*

### जीएसटी संग्रह 4.6 फीसदी बढ़कर 1.96 लाख करोड़



**नई दिल्ली।** जीएसटी दरों में कटौती के बावजूद त्योहारी खरीदारी के कारण अक्टूबर में सकल जीएसटी संग्रह 4.6 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.96 लाख करोड़ रुपये हो गया। हालांकि यह चालू वित्त वर्ष में अब तक की सबसे धीमी दर है। रसोई के सामान से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल सहित 375 वस्तुओं पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नयी दरें 22 सितंबर से प्रभावी हुईं थीं। यह नवरात्रि का पहला दिन था। *एजेंसी*

### दिल्ली में 10 साल में 1.8 लाख बच्चे लापता



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के अनुसार पिछले 10 साल में राष्ट्रीय राजधानी में 1.84 लाख से अधिक बच्चे लापता हुए हैं। इनमें से 50 हजार से अधिक का अभी तक पता नहीं चल पाया है। 2015 से 2025 तक शहर भर में 1.84 लाख बच्चे लापता हुए। इनमें से 1.33 लाख का पता लगा लिया गया 50771 बच्चे अभी भी लापता हैं। हर साल लड़कों की तुलना में लड़कियां ज्यादा लापता होती हैं। *एजेंसी*

### बम की धमकी के बाद बदला विमान का मार्ग



**हैदराबाद।** राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को एक धमकी भरा ईमेल आया, जिसमें दावा किया गया कि जेद्दा से हैदराबाद जाने वाले इंडिगो के विमान में एक ''मानव बम'' है। इसके बाद विमान का मार्ग बदलकर मुंबई की ओर कर दिया गया, जहां इसे सुरक्षित उतार लिया गया। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि उन्हें सुबह करीब 5:30 बजे धमकी भरा ईमेल मिला, तुरंत कार्रवाई की गई। *एजेंसी*

### जेईई मेन सेशन-1 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू



**नई दिल्ली।** जेईई मेन परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए एक अहम खबर है। दरअसल नेशनल टेस्टिंग एंजेसी की ओर से जेईई मेन सेशन-1 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बता दें, इससे पहले एनटीए की ओर से जेईई मेन परीक्षा तिथियों की घोषणा की गई थी। हालांकि अब एनटीए की ओर से 31 अक्टूबर से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। *एजेंसी*

## *हरियाणा दिवस पर महिलाओं को नायाब तोहफा :* सशक्तिकरण का सपना हो रहा साकार

# लाडो लक्ष्मी योजना की पहली किश्त जारी

# 5.22 लाख महिलाओं को मिले ₹ 2100

5,22,162 महिलाओं को जारी हुई 109.65 करोड़ रुपये की राशि

*मुख्यमंत्री ने अपील करते हुए कहा कि जिन महिलाओं का आधार केवाईसी का अंतिम चरण अभी भी बकाया है, वे शीघ्रातिशीघ्र पूरा कर लें। इस चरण के पूरा होते ही उनके खाते में धनराशि तुरंत पहुंच जाएगी।*

**हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़**

हरियाणा दिवस के विशेष अवसर पर प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक और बड़ी सौगात मिली। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत पात्र 5,22,162 महिला लाभार्थियों को 2100-2100 रुपये की राशि जारी की। इन महिलाओं को 109 करोड़ 65 लाख 40 हजार 200 रुपये का लाभ मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'गारंटी' और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संकल्प' प्रदेश में परिवर्तन की नई गाथा लिख रहे हैं। इसी कड़ी में महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह पहल सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि डबल इंजन सरकार की स्पष्ट नीति और साफ नीयत की एक अनुपम झलक है। मुख्यमंत्री यहां हरियाणा दिवस के अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा और स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव भी उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 21 महिला लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से चेक वितरित किए।

- *सीएम सैनी ने लाभार्थियों को बांटे प्रतीकात्मक चेक*
- *यह डबल इंजन सरकार की साफ नीयत की झलक*
- *सीएम बोले, 217 में से 47 वादे किए पूरे बाकी पर काम जारी*



### एक लाख से कम आय वालों को लाभ

#### 6,97,697 महिलाओं ने किया योजना के लिए आवेदन

नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय के 109 वें जन्मदिवस के अवसर पर 25 सितंबर को 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी' एप का शुभारंभ किया गया था। इस एप पर 31 अक्टूबर, 2025 की मध्यरात्रि तक कुल 6,97,697 महिलाओं ने सफलतापूर्वक आवेदन किया, जिनमें से 6,51,529 विवाहित तथा 46, 168 अविवाहित हैं। 30 अक्टूबर की मध्यरात्रि से 31 अक्टूबर की मध्यरात्रि तक की 24 घंटे की अवधि में ही लगभग 37,735 नए आवेदन प्राप्त हुए थे, जो इस योजना की लगातार बढ़ती लोकप्रियता और जन-स्वीकृति का स्पष्ट प्रमाण है।

#### 23 वर्ष या इससे अधिक की महिलाओं को लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का लाभ 23 वर्ष या इससे अधिक आयु की वे सभी महिलाएं ले सकती हैं, जिनके परिवार की वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम है। इस योजना का विशेष पहलू यह है कि परिवार की सभी पात्र महिलाएं इस योजना का लाभ ले सकती हैं। इस योजना का लाभ पाने के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और ऑनलाइन है। आवेदन 'लाडो लक्ष्मी मोबाइल ऐप' के माध्यम से किसी भी स्थान से किसी भी समय सरलता से किया जा सकता है।

### 24 से 48 घंटे के समय में सत्यापन प्रक्रिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि आवेदन पूरा होते ही 24 से 48 घंटे के समय में सारी सत्यापन प्रक्रिया पूरी कर ली जाती हैं और पात्र पाई गई महिलाओं को एसएमएस द्वारा सूचित कर दिया जाता है। इस एसएमएस में उनसे निवेदन किया जाता है कि आप आवेदन के अंतिम चरण में इसी ऐप पर दोबारा जाकर अपना लाइव फोटो खींचकर अपलोड करें। इससे अगले ही क्षण आधार डेटाबेस के माध्यम से इ- केवाईसी हो जाती है और ऐसा होते ही सेवा विभाग इस योजना की आईडी जारी कर देता है।

### 1,75,179 महिलाओं के आवेदन अभी लंबित

गत रात्रि 12 बजे तक सफलतापूर्वक आवेदन करने वाली महिलाओं की जो संख्या 6,97,697 में से 5,22,162 महिलाएं तब तक जांच उपरांत पात्र पाई गई थीं और उन्हें बधाई एसएमएस भेज दिया गया था। उनमें से उस समय तक 3,96,983 पात्र महिलाओं ने आधार केवाईसी का अंतिम चरण भी पूरा कर लिया था और शेष 1,75,179 महिलाओं के आवेदनों में यह उस समय तक लंबित था। इस प्रकार, आज इस योजना के तहत 5,22,162 पात्र बहन-बेटियों को 2100-2100 रुपये की आर्थिक सहायता सीधे ही उनके बैंक खातों में जारी की।

### अब सभी रजिस्ट्री पेपरलेस इंतकाल भी साथ में होंगे



तहसीलों में एक नवंबर यानी शनिवार से सभी रजिस्ट्री अब पेपरलेस हो गईं। सरकार ने मुख्यमंत्री सैनी के गृह हलके कुरुक्षेत्र की बाबैन तहसील से पेपरलेस रजिस्ट्री की शुरुआत की थी, अब आज से ये पूरे प्रदेश में लागू हो गया है। रजिस्ट्री के साथ ही इंतकाल भी भी होंगे। इसके लिए अब लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा। यह सुविधा भी प्रदेश की सभी तहसीलों में 20 नवंबर के बाद शुरू हो जाएगी। प्रदेश में सालभर में करीब सात लाख रजिस्ट्री होती हैं। सभी पेडिंग इंतकाल मामलों का निपटान इस हफ्ते में कर दिया जाएगा।

### निशानदेही आवेदन अब केवल ऑनलाइन स्वीकार होंगे



जमीन की निशानदेही के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। निशानदेही आवेदन अब केवल ऑनलाइन पोर्टल से ही स्वीकार किए जाएंगे। ऑफलाइन आवेदन पूरी तरह बंद कर दिए गए हैं। फीस को नागरिक अनुकूल रखा गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में एक हजार प्लस प्रति एकड़ अतिरिक्त 500 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 2 हजार रुपये फिक्स किए गए हैं। यह प्रक्रिया जीपीएस-इनेबल्ड रोवर तकनीक के माध्यम से उच्च सटीकता से की जाएगी और अनुमोदन सर्कल रेवेन्यू ऑफिसर्स व कानूनगो द्वारा किया जाएगा।

### सरकारी स्कूलों के बच्चों को मिड डे मील में मिलेगी खीर और पिन्नी



सरकारी स्कूलों के स्टूडेंट के मिड डे मील हफ्ते में एक बार खीर और पिन्नी का आनंद ले सकेंगे। राज्य सरकार ने बाल वाटिका से लेकर आठवीं कक्षा तक के बच्चों के पोषण सेवन को बढ़ाने के लिए इन पारंपरिक मिठाइयों को शामिल करने को मंजूरी दे दी है। नया मैन्यू 1 नवंबर से लागू होगा और अगले साल 31 मार्च तक जारी रहेगा। यह पहल हरियाणा कृषि उद्योग निगम लिमिटेड के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही है। वर्तमान में, सरकारी स्कूलों में नामांकित 15 लाख से अधिक छात्र बाल वाटिका से लेकर उच्च प्राथमिक कक्षाओं तक मिड डे मील अंतर्गत आते हैं।

*हुड़दंगबाजी करने से रोका तो की वारदात*

## लग्न समारोह में कहासुनी के बाद युवक की गोली मारकर हत्या



पुलिस के देरी से पहुंचने पर परिजनों ने लगाया जाम

**रेवाड़ी।** लग्न समारोह में गए बधराना के एक युवक की पिथड़ावास के पास कुछ लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। समारोह के दौरान युवक की वहां आए कुछ लोगों के साथ कहासुनी हो गई थी। बाद में बधराना के ग्रामीणों ने पुलिस पर देरी से पहुंचने के आरोप लगाते हुए रामपुरा थाने के पास रोड जाम कर दिया। पुलिस ने लोगों को समझाते हुए जाम खुलवाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल भेज दिया। बधराना निवासी करीब 32 वर्षीय इंद्रजीत गांव के बस स्टैंड पर बिजली के सामान की दुकान चलाता था। वह शुक्रवार की रात पिथड़वास गांव में एक लग्न समारोह में शामिल होने के लिए गया था।

**घर लौटते समय दिया वारदात का अंजाम**

बताया जा रहा है कि लग्न समारोह के दौरान कुछ लोग हुड़दंगबाजी कर रहे थे। इंद्रजीत ने उन्हें ऐसा करने से मना किया, तो उन लोगों ने इंद्रजीत के साथ झगड़ा करना शुरू कर दिया। इंद्रजीत जब घर लौट रहा था, तो उन्होंने पिस्तौल निकालकर इंद्रजीत को गोली मार दी। घटना के बाद वे फरार हो गए।

## सबसे भारी उपग्रह को आज लॉन्च करेगा इसरो



*बेंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो अपने 4410 किलो वजनी उपग्रह सीएमएस-03 को रविवार को लॉन्च करेगी। यह भारत से लॉन्च होने वाला इसरो का सबसे भारी उपग्रह है। इसरो के ताकतवर रॉकेट एलवीएम3-एम5 से इस उपग्रह को पृथ्वी के जियो सिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में भेजा जाएगा। इस उपग्रह को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया जाएगा। लॉन्च पैड पर तैनात कर लॉन्चिंग की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। लॉन्चिंग 2 नवंबर को शाम करीब 5.26 बजे होनी है। इस उपग्रह की मदद से देश में डिजिटल संचार, उपग्रह इंटरनेट, समुद्री कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। यह उपग्रह भारत की राष्ट्रीय संचार अवसंरचना में एक बड़ा कदम है, जिससे टीवी प्रसारण, टेलीमेडिसिन, ऑनलाइन शिक्षा, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन संचार सेवाओं तक पहुंच और भी प्रभावी होगी।*



*ज्यादा भीड़ से रेलिंग टूटी*

## आंध्र प्रदेश में वेंकटेश्वर मंदिर में भगदड़ से 10 लोगों की मौत

- मृतकों में 8 महिलाएं, 2 बच्चे, 25 से ज्यादा घायल

**काशीबुग्गा (आंध्र प्रदेश) (भाषा)।** श्रीकाकुलम जिले के एक मंदिर में शनिवार को भगदड़ मचने से 10 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। काशीबुग्गा उपमंडल प्रभारी डीएसपी लक्ष्मण राव ने बताया कि भगदड़ पूर्वाह्न करीब 11:30 बजे काशीबुग्गा शहर के वेंकटेश्वर मंदिर में हुई। इस घटना में कुल 10 लोगों की मौत हुई है। इनमें से सात की मौत घटनास्थल पर और तीन की मौत इलाज के दौरान हुई।" उन्होंने बताया कि मृतकों में आठ महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं। गृह मंत्री वी. अनीता ने कहा कि इस घटना में कम से कम 25 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में कम से कम सात की उम्र 35-40 वर्ष के बीच है। पीएम मोदी ने घटना पर शोक जताया है।

*स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के सख्त निर्देश*

## ओपीडी पर्ची, लैब रिपोर्ट पर डॉक्टरों के हस्ताक्षर अनिवार्य

- स्वास्थ्य मंत्री बोली, सरकार का स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता व गुणवत्ता पर जोर
- अस्पतालों में नियमित कीट एवं कृंतक नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश

**हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़**

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने राज्यभर के सभी सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे ओपीडी पर्चियों, लैब रिपोर्टों और दवाओं के प्रिस्क्रिप्शन पर अपने हस्ताक्षर, नाम, पदनाम और पंजीकरण संख्या अवश्य अंकित करें। साथ ही, सभी प्रिस्क्रिप्शन में दवाओं के जेनेरिक नाम बड़े और स्पष्ट अक्षरों में लिखे जाएं ताकि मरीजों को दवा पहचानने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मरीजों के हित और पारदर्शिता की दृष्टि से यह आवश्यक है कि प्रत्येक प्रिसक्रिप्शन और लैब रिपोर्ट में चिकित्सक की पहचान स्पष्ट रूप से अंकित हो। सभी जिलों के सिविल सर्जनों को पत्र जारी किया गया है और इस व्यवस्था का सख्ती से पालन करें।

### स्वच्छता पर पड़ रहा बुरा प्रभाव



स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में कीट और कृंतक नियंत्रण सेवाओं को नियमित रूप से लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ जिलों से प्राप्त रिपोर्टों में पाया गया कि इन सेवाओं के अभाव में अस्पतालों में स्वच्छता पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है, जिससे मरीजों के संक्रमण के खतरे और उपकरणों के नुकसान की संभावना बढ़ जाती है।

#### कई जगह हो रही अनदेखी

आरती सिंह राव ने कहा कि यह देखा गया है कि कुछ स्थानों पर डॉक्टर दवाओं के जेनेरिक नाम नहीं लिखते या ओपीडी पर्चियों पर हस्ताक्षर नहीं करते, जिससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है। सरकारी अस्पताल में मरीज को दी जाने वाली ओपीडी पर्ची, लैब रिपोर्ट और प्रिस्क्रिप्शन पर डॉक्टर की मुहर, नाम और हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से मौजूद हों।

*यूआईडीएआई ने महत्वपूर्ण नियम लागू किए*

## नाम, पता, जन्मतिथि- मोबाइल नंबर में अब कभी भी 'बदलाव'

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**



आधार सेंटर के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी, ऑनलाइन अपडेट 14 जून 2026 तक फ्री रहेगा

आधार से जुड़े नियमों में कुछ बदलाव किए गए हैं। यूआईडीएआई ने 1 नवंबर से आधार के कुछ बहुत अहम और महत्वपूर्ण नियमों में बदलाव लागू कर दिए हैं। अब आधार कार्ड होल्डर अपना नाम, पता, जन्मतिथि और मोबाइल नंबर में कभी भी और कहीं भी बदलाव कर सकते हैं। ये प्रोसेस अब पैन या पासपोर्ट जैसे लिंक किए गए सरकारी रिकॉर्ड के जरिए डेटा को वेरिफाई करती है, जिससे डॉक्यूमेंट अपलोड करने या सेंटर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस नए बदलाव से अब इन कामों के लिए आधार सेंटर के चक्कर लगाने की कोई जरूरत नहीं होगी। पैन और आधार को लिंक करने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर, 2025 है। अगर आप 31 दिसंबर तक अपने आधार और पैन को लिंक नहीं करते हैं तो 1 जनवरी, 2026 से अपना पैन निष्क्रिय हो जाएगा।

## 164 तरह के केस अब नहीं जाएंगे कोर्ट, बदलाव वाला अध्यादेश जारी

# झूठे बयान पर 50,000 रुपये जुर्माना, छोटे अपराधों पर नहीं काटने होंगे कोर्ट के चक्कर

### नए बदलाव से लोगों को होगी सुविधा, जल्द निपटेंगे मामले

**हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़**



गवर्नर असीम कुमार घोष ने 17 विभागों से संबंधित 42 राज्य अधिनियमों में बदलाव वाला अध्यादेश जारी कर दिया है। इसके अनुसार राज्य में 164 प्रावधानों को अपराध मुक्त कर दिया है। अब छोटे-मोटे केस में आपराधिक मुकदमा या प्रशासनिक दंड देने के बजाय आरोपी को केवल प्रशासनिक कार्रवाई कर छोड़ा जाएगा। सरल भाषा में समझें तो अब 17 विभागों से जुड़े छोटे-मोटे अपराधों के लिए आरोपी को कोर्ट के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। पहली बार गलती करने वालों को जेल या भारी दंड के बजाय केवल चेतावनी या सलाह दी जाएगी। गलती दोहराने पर चालान का प्रावधान किया गया है।

#### विस के शीतकालीन सत्र में पेश किया जाएगा प्रस्ताव

नए बदलाव के अनुसार यदि कोई धोबी पब्लिक प्लेस में कपड़े धोता है या कोई व्यक्ति अपने पशु सार्वजनिक जगह पर बांध देता है तो उस पर केस दर्ज होने के बजाय केवल 500 जुर्माना लगेगा। इसी प्रकार के 164 प्रावधानों को अपराध न मानने वाले प्रस्ताव को राज्यपाल ने मंजूरी दी है। यह प्रस्ताव 12 अक्टूबर को हरियाणा कैबिनेट की बैठक में पास किया गया था। अब इसे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पेश किया जाएगा। इस कानून से लोगों को अदालतों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

#### इन मामलों में 500 जुर्माना

नए अध्यादेश के मुताबिक, पानी की पाइपलाइन तोड़ने या पानी प्रदूषित करने पर 500 रुपये जुर्माना एजेंसी पर लगेगा। नगरपालिका की नालियों को क्षति पहुंचाने, जल या सीवरेज कार्यों में बाधा पहुंचाने, सड़क की नियमित रेखा पर भवन निर्माण कराने, अतिक्रमण हटाने के अनुरोध का पालन न करने, कुत्तों को खुला छोड़ने, परिसर के मालिकों का नाम व पता बताने का अनुरोध न मानने, मेयर या किसी निगम प्राधिकरण आदि के कार्य में बाधा डालने, सड़कों पर पशु बांधने व दूध निकालने और बिना परमिशन के नपा बाजारों में बिक्री करने पर 500 रुपये का जुर्माना लगेगा।

#### यहां 5000 तक देने पड़ेंगे

नगर निकाय के आदेशों का पालन न करने पर 500 से लेकर 5 हजार तक जुर्माना होगा। सफाई कर्मचारी बिना सूचना के गैरमौजूद रहता तो विभागीय कार्रवाई के बजाय एक हजार जुर्माना लगेगा। ज्वलनशील पदार्थ जमा करने पर 5 हजार जुर्माना लगेगा। इसमें अपील का प्रावधान भी है। शहरों में पशुओं को इस प्रकार रखना कि वे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हों, तो 500 रुपए का जुर्माना होगा।

#### 50 हजार तक भी जाएगा जुर्माना

नहर को कोई व्यक्ति या वाहन पार नहीं करेगा। ऐसा करने पर एक हजार जुर्माना और छह माह कारावास होगा। बार-बार उल्लंघन पर एक लाख जुर्माना हो सकता है। साठगांठ कर किसी को भगाने का प्रयास करता है या अपराधियों की घरों में तलाशी के लिए सहयोग नहीं करता है तो 50 हजार जुर्माना लगेगा। सूर्यास्त के बाद व सूर्योदय से पहले लकड़ी की बिक्री करेगा तो 50 हजार रुपये का जुर्माना होगा।

## खबर संक्षेप



### सूचना आयुक्त अमरजीत सिंह सम्मानित

**चंडीगढ़।** हरियाणा में सूचना आयुक्त के पद पर सेवारत अमरजीत सिंह को पंजाब विश्वविद्यालय चण्डीगढ़ की वाइस चांसलर रेनू विग ने शनिवार को छठी ग्लोवल अल्मुनायी मीट में डिस्टिंग्सड अलुमनस सम्मान से समानित किया। अमरजीत सिंह 27 वर्षों से अधिक की विशिष्ट सेवा के दौरान चिकित्सा शिक्षा विभाग के निदेशक, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव और हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर कार्य किया है।

### नशा समाज को खोखला कर रहा : जगतगुरु

**पंचकूला।** श्री श्री 1008 जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी विकास दास महाराज ने कहा कि ज्योति प्रकाश उत्सव के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा। जैसे आत्मा रूपी ज्योति शरीर में प्रवेश कर कभी-कभी हमें गलत राह पर ले जाती है, वैसे ही नशे की प्रवृत्ति भी व्यक्ति को अंधकार की ओर धकेल देती है। पंचकूला में आयोजित पत्रकार वार्ता में स्वामी विकास दास महाराज ने कहा कि यह अभियान गंभीर नशे जैसे हेरोइन, अफीम, गांजा आदि के विरुद्ध एक सशक्त सामाजिक पहल है, जो युवाओं को नशे की जकड़ से बाहर निकालने के लिए चलाया जा रहा है।

### एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारी छह को करेंगे प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत महिला एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारियों की लंबित मांगो को लेकर एमपीएच डब्ल्यू एसोसिएशन ने आगामी 6 नवंबर को पूरे हरियाणा प्रदेश में सिविल सर्जन कार्यालयों पर प्रदर्शन का ऐलान किया है। राज्य स्तरीय पदाधिकारियों की जूम मीटिंग के बाद बाद एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष शर्मिला देवी महासचिव सहदेव आर्य,उप प्रधान सुदेश रानी ने बताया कि एन एच एम में कार्यरत महिला एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारी वर्ष 1998 से आमजन की सेवा कर रही है लेकिन सरकार द्वारा इनकी आधारभूत मांगो को अनदेखा किया जा रहा है।

### जजपा का संगठन हो रहा मजबूत : चौटाला

**चंडीगढ़।** हमें संघर्ष करना आता है और जननायक जनता पार्टी जमीनी स्तर पर संघर्ष करके अपने संगठन को मजबूती प्रदान करेगी। किसी भी पार्टी की कामयाबी के लिए एकजुटता और मजबूत संगठन की जरूरत होती है और जेजेपी हलका और जिला स्तर पर अपना मजबूत संगठन खड़ा करने में लगी हुई है। मजबूत संगठन और कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर ही जेजेपी 2029 में जोरदार वापसी करेगी। यह बात जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कही। वे शनिवार को गुरुग्राम में जेजेपी के एक बड़े जिला स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा अजय चौटाला का जोरदार स्वागत किया गया।

# चुनाव बिहार में, आफत हरियाणा में : धान की कटाई -कढ़ाई के लिए नहीं मिल रहे मजदूर

■ इस बार सारा काम स्थानीय मजदूरों और मशीनों के भरोसे ■ किसानों को प्रति एकड़ दो हजार रुपये ज्यादा मजदूरी देनी पड़ रही

राज कुमार नरवाल ⏭ महम

हरियाणा में धान की कटाई-कढाई का सीजन चल रहा है। लेकिन किसानों को धान की कटाई के लिए मजदूर नहीं मिल रहे। बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव के चलते यहां मजदूरों का टोटा बना हुआ है। किसानों को धान की कटाई के लिए मजदूर नहीं मिल रहे। क्योंकि इस बार बिहार से बहुत कम मजदूर हरियाणा पहुंचे हैं। ज्यादातर मजदूर बिहार विधानसभा चुनाव के चलते वहीं पर रह गए हैं। हर साल फसली सीजन पर बिहार से लाखों मजदूर हरियाणा का रुख करते थे। इस बार बिहार में 6 और 11 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। मतदान को लोकतंत्र के पर्व के रूप में मनाया जाता है। मतदाताओं में मतदान को लेकर विशेष उत्साह होता है।

**बिहार में 6 और 11 को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान**



### किसान बोले- छह से आठ हजार पहुंचा खर्च

*महम के किसान धज्जाराम और खरकड़ा गांव के किसान राजेश कुमार ने बताया कि पिछले साल 6 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से मजदूर मिल जाते थे। लेकिन इस बार एक एकड़ की धान की कटाई और कढाई के लिए 8 हजार रुपए देने पड़ रहे हैं। बिहार से मजदूर न पहुंचने की वजह से किसानों को प्रति एकड 2 हजार रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान अब स्थानीय मजदूरों से ही धान की कटाई कढ़ाई करवा रहे हैं। किसानों ने बताया कि बिहार से आने वाले लाखों मजदूर इस बार यहां नहीं पहुंचे।*

### चुनाव का खेती और किसानी पर सीधा असर

जब भी देश के एक हिस्से में चुनाव होते है ऐसे में दूसरे राज्यों में मजदूरी, नौकरी व कारोबार के लिए गए लोगों को भी अपने गांव या शहर में वापस बुला लिया जाता है। विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी भी एक एक वोट के लिए मारामारी करते हैं और अपने समर्थक मतदाताओं को चुनाव में बुला लेते हैं। बिहार चुनाव का सीधा असर हरियाणा की खेती किसानी पर दिखाई दे रहा है।

### इस बार हाथ से कम और मशीनों से ज्यादा हो रही कटाई



बिहार से आने वाले मजदूर धान की फसल को हाथ से काटते थे, उसकी झड़ाई करते थे और धान को बरसाकर उसे ट्रॉली में लोड करने का काम करते थे। धान झड़ाई के बाद बची पराली को किसान बेच देते थे। हाथ से झड़ाई किया गया धान महंगा भी बिकता है और धान का दाना भी साबुत रह जाता है। मशीन से धान का दाना टूट जाता है, जिस वजह से वह कम रेट में बिकता है और पराल भी नहीं बचती। ऐसे में ज्यादातर किसान बिहार से आने वाले मजदूरों से ही धान की कटाई व झड़ाई करवाते थे। लेकिन इस बार बहुत ही कम संख्या में बिहारी मजदूर पहुंचे हैं। जिसका असर अनाज मंडियों में भी देखने को मिल रहा है। मंडियों में इक्का दुक्का ही बिहारी मजदूर दिख रहे हैं। खेतों में स्थानीय मजदूरों से धान कटवाया जा रहा है, लेकिन स्थानीय मजदूर बहुत महंगे पड़ते हैं। मजबूरी में किसानों को मशीनों से ही धान की फसल की कटाई व कढाई करवानी पड़ रही है।

### श्रमिक बोले-चुनाव से पहले नहीं आ सकते

हर साल जिन किसानों के पास मजदूर आते थे, उन्होंने उन मजदूरों से फोन पर बात की तो उन्होंने बताया कि यहां पर विधानसभा चुनाव है। अब तो चुनाव के बाद ही पहुंच पाएंगे। बिहारी मजदूरों ने साफ साफ बोल दिया है कि चुनाव से पहले वे नहीं आ सकते।

## हरियाणा दिवस पर मुख्यमंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस : बोले- डबल इंजन सरकार ने विकास को गति दी

# पारदर्शी भर्ती व्यवस्था बनी मिसाल 3 लाख युवाओं को मिला रोजगार

**नायब सिंह सैनी बोले-1 साल में में 48 वादे पूरे, 158 पर कार्य प्रगति पर**



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्तमान सरकार ने युवाओं के रोजगार सृजन में अभूतपूर्व प्रगति हासिल करते हुए बीते 11 वर्षों के कार्यकाल में 3 लाख युवाओं को पूरी पारदर्शिता के आधार पर सरकारी सेवाओं में नियुक्ति का अवसर प्रदान किया है। इनमें से 1,80,000 युवाओं को नियमित सरकारी पदों पर नियुक्त किया है, जबकि 1,20,000 युवाओं को हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने ने कहा कि कौशल रोजगार निगम से जुड़े कर्मचारियों को न केवल रोजगार उपलब्ध हुआ है, बल्कि उनके भविष्य की सुरक्षा भी सुनिश्चित की गई है। पारदर्शिता के आधार पर प्रक्रिया निरंतर जारी है ।



### समावेशी विकास सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री यहां हरियाणा दिवस के मौके पर प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने दीनदयाल लाड़ो लक्ष्मी योजना की पहली किस्त के तहत 5,22,162 पात्र महिलाओं के खातों में 109 करोड़ 65 लाख 40 हजार 200 रुपये की राशि भी स्थानांतरित की। साथ ही मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश में पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली की भी शुरुआत की। उन्होंने कहा कि इस नई व्यवस्था से रजिस्ट्री करवाने की पुरानी जटिल प्रक्रियाओं से नागरिकों को राहत मिलेगी, अनावश्यक देरी समाप्त होगी तथा भ्रष्टाचार की संभावनाओं पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार हरियाणा को इनोवेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर और समावेशी विकास के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ा रही है। उन्होंने बताया कि डबल इंजन सरकार के चलते प्रदेश में विकास की गति दोगुनी हुई है। इसी का परिणाम है कि वर्तमान राज्य सरकार ने अपने संकल्प पत्र के 217 में से 48 वादों को केवल एक वर्ष में पूरा कर दिखाया है, जबकि 158 वादों पर कार्य प्रगति पर है।

### हरियाणवी संस्कृति की बिखरी छटा



*मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष हरियाणा दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव आयोजित किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष द्वारा पंचकूला में किया गया। उन्होंने कहा कि आगामी हरियाणा दिवस से साप्ताहिक पुस्तक मेले का आयोजन भी किया जाएगा।नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने हाल ही में जनसेवा के 11 वर्ष पूरे किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को साकार करने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की प्रतिभा का सम्मान करते हुए ग्रुप-सी और ग्रुप-डी की भर्तियों में इंटरव्यू की प्रक्रिया समाप्त की गई है। हरियाणा का यह भर्ती पारदर्शिता मॉडल आज पूरे देश में मिसाल बन चुका है, जिसकी सराहना स्वयं प्रधानमंत्री जी भी कई बार कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षा के साथ-साथ उनके कौशल विकास पर भी बल दे रही है। औद्योगिक विकास को गति देने के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का सुदृढ़ इकोसिस्टम तैयार किया गया है। पिछले 11 वर्षों में राज्य में 12,20,872 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों का पंजीकरण हुआ है,।*

## मुख्यमंत्री की हंसी- ठिठोली

### 11 के 11 मुख्यमंत्रियों में सबसे बेहतर कौन... मुख्यमंत्री नायब हंसे बोले- भाई यह तो जनता से जाकर पूछो

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

संयुक्त पंजाब (परिवार) से अलग होकर एकला चलो की राह पर आगे बढ़ रहा म्हारा हरियाणा अपने विकास की यात्रा के छह दशक पूर्ण कर चुका है। इस क्रम में सुबह सवेरे पंचकूला और अन्य जिलों में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लेकर शाम को राजधानी चंडीगढ़ राजभवन हरियाणा राजभवन में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए यहां पर राज्यपाल असीम घोष और मुख्यमंत्री सैनी ने कार्यक्रमों का आनंद लिया। मुख्यमंत्री सैनी ने शाम को हरियाणा निवास में पत्रकार सम्मेलन के दौरान अपने चिर परीचित अंदाज में जहां भारतीय जनता पार्टी के 11 साल का विकास गिनाया, वहीं विपक्ष पर तंज कसने से पीछे नहीं हटे लाडो लक्ष्मी योजना की शुरुआत कर अब हमने खातों में पैसा भी डाल दिया लेकिन विपक्ष की ओर से सवाल लगाए जा रहे हैं। हरियाणा दिवस और छह दशक पूर्ण होने के मौके पर 11 वें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर जब मीडिया ने सवाल दागा कि 11 के 11 मुख्यमंत्रियों में सबसे बेहतर कौन...इस पर अपने अंदाज में हंसे मुख्यमंत्री बोले-भाई यह तो जनता से जाकर पूछ..।



### अपने गिरेबान में भी झांक ले विपक्ष

हरियाणा विधानसभा में सवाल उठाने वाले विपक्ष के नेताओं को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए, राज्य के पड़ोस हिमाचल, तेलंगाना, कर्नाटक जैसे राज्यों में सरकार है। वहां पर किए गए वादे क्या पूरे कर दिए गए हैं। जब विस में प्रश्न लगाया था, उस वक्त सरकार को जन्म लिए हुए दो से तीन माह ही हुए थे। सैनी ने पड़ोस पंजाब में आम आदमी की सरकार पर भी हमला बोला साथ ही कहा कि पंजाब में किसानों, बहनों व अन्य स्कीमों का कोई लाभ नहीं मिल रहा।

आप के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी का कटाक्ष

## सरकार की लाडो लक्ष्मी योजना निकली लाडो छलावा योजना : अनुराग ढांडा



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने शनिवार को हरियाणा की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में बड़े मंच और कैमरों के बीच दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की पहली किस्त तो जारी कर दी, लेकिन यह महिलाओं के साथ सबसे बड़ा चुनावी धोखा है। अनुराग ढांडा ने कहा कि चुनाव से पहले भाजपा ने हरियाणा की हर महिला को 2100 महीना देने का वादा किया था, लेकिन अब जब योजना शुरू हुई है, तो हकीकत यह है कि 1.4 करोड़ महिलाओं में से सिर्फ 3.73 प्रतिशत के खाते में पैसा आया है। यानी 96.27 प्रतिशत महिलाएं ठगी गईं। भाजपा ने हर महिला का वादा किया था, लेकिन अब बीजेपी सरकार जानबूझकर हर शर्त थोप रही है। ढांडा ने कहा कि सरकार ने ऐसी-ऐसी शर्तें लगा दी हैं कि ज्यादातर महिलाएं अपने आप बाहर हो गईं। परिवार की सालाना आय 1 लाख रुपये से कम होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने योजना के नाम पर महिलाओं को ठगने का काम किया है।

भाजपा प्रदेश प्रभारी ने योजना को सराहा

## महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का काम करेगी लाडो लक्ष्मी योजना : पूनिया



**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। डा. पूनिया ने हरियाणा के 60वें स्थापना दिवस के अवसर पर सभी हरियाणवासियों को शुभकामनाएं देते हुए हरियाणा की खुशहाली और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डा. पूनिया ने दीनदयाल लाड़ो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं के खातों में पहली किस्त 2100 रुपये जारी करने पर नायब सरकार का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि लाड़ो लक्ष्मी योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का काम करेगी। भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि हरियाणा ने हर क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों के अथक परिश्रम और मेहनत से हरियाणा नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के किसान, जवान और पहलवान समृद्ध एवं सशक्त भारत की पहचान हैं। डा. पूनिया ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से भाजपा सरकार हरियाणा में बिना भेदभाव किए तेजी से विकास के कार्य करा रही है। प्रदेश की जनता सरकार से संतुष्ट है।

## इनेलो के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी बने करण चौटाला



**चंडीगढ़।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों से विचार विमर्श करके करण चौटाला को इनेलो के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया। अभय सिंह चौटाला ने इस नियुक्ति पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि करण चौटाला के नेतृत्व में जननायक चौधरी देवीलाल की विचारधारा और चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के आदर्शों एवं संघर्षों से प्रेरित होकर पार्टी की नीतियों का अनुसरण करते हुए निष्पक्ष एवं लग्न से पार्टी के प्रचार प्रसार किया जाएगा। इस नियुक्ति से पार्टी संगठन में नई ऊर्जा, नई दिशा और नई मजबूती का संचार होगा।

### बीबीएमबी अध्यक्ष ने कर्मचारियों को दिलवाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

**चंडीगढ़।** भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड (बीबीएमबी),ने 31 अक्टूबर को भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। इस अवसर पर बीबीएमबी अध्यक्ष, मनोज त्रिपाठी द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एकता प्रतिज्ञादिलाई गई, जिसमें उन्होंने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को बनाए रखने के संकल्प को दोहराया। बीबीएमबी द्वारा स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 6.0 तथा रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य स्वच्छता, शारीरिकतंदुरुस्ती और देशभक्ति के संदेश को बढ़ावा देना था।

### रक्तदान महादान व मानवता की सच्ची सेवा : मुख्यमंत्री



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि रक्तदान महादान है और मानवता की सच्ची सेवा है। प्रदेश के लोग विभिन्न अवसरों पर रक्तदान कर रहे हैं और जब कोई विशेष दिवस रक्तदान जैसे पुण्य कार्यों के साथ मनाया जाता है, तो उसका सामाजिक मूल्य और आध्यात्मिक पुण्य कई गुणा बढ़ जाता है।मुख्यमंत्री किसान भवन, सेक्टर 14, पंचकूला में गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय रक्तदान शिविर का शुभारम्भ करने उपरांत सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेशवासियों को हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन हरियाणा के निर्माण का उत्सव और गुरु तेग बहादुर के बलिदान से प्रेरणा लेने का दिन है। इस मौके पर अधिकारी भी मौजूद रहे।

# एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई, अब तक 22 को दबोच कर तोड़ दी गैंगवार की कमर

**रोहतक।** हरियाणा एसटीएफ ने बड़े स्तर पर अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान 22 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। सभी विभिन्न कुख्यात गैंगों से जुड़े हुए हैं। इनमें रोहित गोदारा, दीपक नांदल, लॉरेंस बिश्नोई, काला राणा, कुलबीर सिन्धू और काला जठेडी जैसे बड़े गैंगस्टर शामिल हैं। एटीएफ का मानना है कि इस कामयाबी से गैंगस्टर के गिरोह पर नकेल कसने में कामयाबी मिलेगी। एसटीएफ द्वारा विभिन्न जिलों में चलाए गए समन्वित अभियानों के तहत बड़े गैंगों से जुड़े अपराधियों की गिरफ्तारी से राज्य में गैंगस्टर नेटवर्क पर कड़ा प्रहार किया गया है। यह कार्रवाई प्रदेश में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## कई हार्डकोर क्रिमिनल को धर दबोचा

■ एसटीएफ के मुताबिक रोहित गोदारा गैंग का सदस्य अश्विनी जांगड़ा निवासी झुंझनू राजस्थान का रहने वाला है। वह की रोहित गोदारा गैंग के सदस्य मनोज उर्फ कालु पथाना के सम्पर्क में था और रोहित गोदारा गैंगस्टर से आरोपी अश्वनी के बैंक खाता में रुपये आने पाये जाने पर एसटीएफ हरियाणा द्वारा गिरफ्तार किया गया

■ आशीष उर्फ गोलु निवासी रहनिया कालोनी झज्जर जो कि गैंगस्टर रोहित गोदारा गैंग द्वारा भेजे गये रुपयों को गैंग के अन्य सदस्यों के पास भिजवाता था। इससे अवैध असले जिसमें 01 जिगाना पिस्टल व 01 पिस्टल मेड इन चाइना व 30 कारतूस आरोपी के घर से बरामद हुए

■ हैप्पी निवासी पीपली खेड़ा सोनीपत रोहित गोदारा गैंग का सदस्य है, जिसे एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार किया गया। वह गैंगस्टर रोहित गोदारा द्वारा भेजे गये रुपयो को गैंग के अन्य सदस्यों के पास भेजता था

■ हिमांशु निवासी मयूर विहार सोनीपत गैंगस्टर रोहित गोदारा द्वारा भेजे गये रुपयों को गैंग के अन्य सदस्यों के पास भेजता था

■ आरोपी सुनील निवासी विकास नगर मुरथल फ्ड सोनीपत को भी गिरफ्तार किया गया जो गैंगस्टर रोहित गोदारा द्वारा भेजे गये रुपयों को गैंग के अन्य सदस्यों के पास भेजता था।

■ सागर निवासी सांचना जिला रोहतक राजस्थान से अवैध हथियार खरीदकर लाया था व पंजाब में गाड़ियां रेंट पर देता है। जिसके कब्जा से एक देसी पिस्टल बरामद हुई

■ कुख्यात दीपक नान्दल गैंग के दो गैंग शार्प शूटर नरेंद्र उर्फ बाबा निवासी कसांडी जिला सोनीपत व मोहित उर्फ चिंटू निवासी जनता कालोनी रोहतक ने शहर के नामी बिल्डर, एमएनआर रहेजा सेक्टर 45 गुरुग्राम के ऑफिस पर फायरिंग की थी । इन आरोपियों से 1 देशी पिस्टल 02 जिन्दा रौंद बरामद हुए

■ लॉरेंस बिश्नोई गैंग व हैरी बॉक्सर गैंग के सदस्य रोहताश उर्फ गोलु उर्फ छांगा निवासी कलवान जिला जीन्द से 01 अवैध देसी पिस्तोल व 3 जिन्दा का कारतूस बरामद हुए

■ लखविन्द्र सिंह उर्फ लख्खा निवासी तितरम जिला कैथल गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई के भाई गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई का करीबी सहयोगी है। जिसे यूएसए से डिपोर्ट करवाकर गिरफ्तार किया।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो कि उन कार्यों के सामने दी गई तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (₹) | अग्रिम राशि (₹) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एसएसई/डब्ल्यू/एल/पीटीए के खंड में एनबीए में नए माल कार्यालय, ट्रैक मशीन रेस्ट हाउस के स्टेजिंग और ग्रिल के साथ जलापूर्ति की मरम्मत, पीडब्ल्यूआई कॉलोनी में जलापूर्ति पाइपलाइन की मरम्मत और एसएसई/डब्ल्यू/डीयूआई के खंड में रेलवे कॉलोनी में मौजूदा पंपहाउस और आरसीसी ओएच टैंक के लिए नए पंपहाउस और नए आरसीसी ओएच टैंक का कनेक्शन करना और डीयूआई–जेएचएल खंड और जेपीएस यूकेएन, डीएनएक्स पर सीजेएल, एलएचए, जीआरएन में जंग लगी और टूटी हुई मौजूदा पुरानी पाइपलाइनों और टूटे हुए पीवीसी टैंकों की मरम्मत करना और एडीईएन/पीटीए के तहत एराएराई/डब्लयू/एराएजी के खंड में जेएचएल–एचएसआर खंड पर यूकेएन में जीआरएन, डीएनएक्स, आरपीएचआर और प्रेशर फिल्टर प्लांट में फिल्टर प्लांट और एएमसी के सामान्य संचालन के लिए यूकेएन डिग्गी पर ओपन वेल पंप के बजाय सबमर्सिबल पंप की व्यवस्था करना। | ₹45,54,609/- | ₹91,100/- | 06 महीने | 25.11.2025 |
| 2. | एडीईएन/ट्रैक/यूएमबी के अधीन सरहिंद–दौलतपुर सेक्शन पर घनौली स्थित गिट्टी डिपो में बीजी ट्रैक के लिए 50000 घन मीटर 65 मिमी गेज मशीन से कुचले हुए पत्थर की गिट्टी की आपूर्ति, जिसे रेल से चलने वाले ट्रकों/बीओबी में विधिवत रूप से स्टैक करके लोड किया जाएगा। | ₹5,61,34,500/- | ₹4,30,700/- | 08 महीने | 25.11.2025 |
| 3. | (i) एडीईएन/पीटीए के अधीन एलडीएच–डीयूआई खंड पर एएचएच–केयूपी के बीच किमी 28/1–2 पर पुल संख्या 71 (3x8.54 मीटर, 2x3.35 मीटर) के स्टील गर्डरों को पीएससी स्लैब के साथ बदलने के लिए संरचनात्मक ड्राइंग की आपूर्ति के साथ पुल उप–संरचना की जैकेटिंग। (ii) एडीईएन/पीटीए के अधीन जेएचएल–एचएसआर खंड पर जेपीएस–यूकेएन के बीच किमी 21.773 पर पुल संख्या 19–ए (5x6.10 मीटर) के स्टील गर्डरों को पीएससी स्लैब के साथ बदलने के लिए संरचनात्मक ड्राइंग की आपूर्ति के साथ पुल उप–संरचना की जैकेटिंग। | ₹1,24,39,619 /- | ₹2,12,200/- | 08 महीने | 25.11.2025 |

नोटः 1) ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी संबंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2) अग्रिम राशि ऑनलाइन पेमेंट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा की स्वीकार्य होंगे। 3) निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइ ट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 4) ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा। 5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

**खुली निविदा संख्या 39–अम्बाला/2025–26 दिनांकः 31.10.2025** 3403/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## प्रदेश के सभी जिलों में सुबह से लेकर रात तक शहरों, गली और मोहल्लों में गूंजते रहे मंगल गीत


# देवउठनी एकादशी पर खूब बजी शहनाइयां 10,000 से अधिक जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

### मैरिज पैलेस, होटल और सभी धर्मशालाओं की बुकिंग रही फुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

देवउठनी एकादशी के अवसर पर शनिवार को पूरे प्रदेश में जमकर शहनाइयां बजी। एक अनुमान के मुताबिक प्रदेश में 10,000 से अधिक जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। शनिवार को सुबह से लेकर रात सभी शहरों में शादियों की धूम रही। शहर और गांव की गली, कालोनी और मोहल्लों में मंगलगीत गूंजते रहे। हर जगह लडि़यां और शमियाने लगे। देर रात तक बैंड-बाजों की तेज धुन बजती रही। गुलाबी ठंड में बाहर से आए बारातियों के कारण शहर के मैरिज पैलेसों, होटलों व धर्मशालाओं में रौनक का-सा माहौल दिखाई दिया। शहरों में मैरिज पैलेस, होटल और सभी धर्मशालाओं की बुकिंग फुल रही। वहीं गांवों में जगह-जगह शामियाने लगे रहे। डीजे, ढोल-नगाड़ों और घोड़ा बग्गियों की भी जमकर डिमांड रही। हर जिले में बारातियों और परिजनों ने भी शादियों में जमकर धमाल मचाया।

**डीजे, ढोल-नगाड़ों और घोड़ा बग्गियों की भी जमकर रही डिमांड**




फतेहाबाद। एकादशी पर सजा शहर का मैरिज पैलेस व बारात रवानगी के लिए तैयार खड़ी गाड़ी।

### हर जिले में बारातियों और परिजनों ने जमकर माचाया धमाल

### प्रशासन ने बाल विवाह पर रखी नजर

एक अनुमान के अनुसार शनिवार को फतेहाबाद शाह में 100 से अधिक जोड़े विवाह के परिणय सूत्र में बंधे। वहीं पूरे जिले की बात करें तो यह संख्या 500 से अधिक रही। रोहतक, सोनीपत और अंबाला समेत प्रदेश के लगभग सभी जिलों में यही हाल रहे। पंडितों और ज्योतिषियों के अनुसार रविवार 2 नवम्बर को भी शादियों की धूम रहेगी। शनिवार को हुई शादियों पर जिला प्रशासन की भी कड़ी निगाह रही। बाल विवाह रोकने को लेकर प्रशासनिक टीमें अलर्ट नजर आई। शादियों का सीजन शुरू होने से शहर के बाजारों में भी पूरी रौनक नजर आई।

### देवों के उठने के बाद ही सारे शुभ काम होते हैं



शहर के विख्यात ज्योतिष शास्त्री पंडित राजेश शर्मा के अनुसार भगवान विष्णु चार मास के लिए विश्राम करते हैं, जिसे चातुर्मास बोला जाता है। 25 जुलाई को भगवान विष्णु नींद में गए थे, जिसे देवशयनी के नाम से जाना जाता है। इस दौरान सभी शुभ काम वर्जित होते हैं। माना जाता है कि देवों के उठने के बाद ही सारे शुभ काम पूरे होते हैं। आज कार्तिक एकादशी पर भगवान विष्णु द्वारा अपनी निद्रा से उठने के बाद विवाह का शुभ संयोग बना। जिस कारण देवउठनी एकादशी का दिन विवाह के लिए सबसे बड़ा सावा निकला। शनिवार को शहर में रतिया रोड पर किंग्स एम्पायर, कुलदीप पैलेस, फाइव एकड़, दीप होटल, ड्यूक होटल, होटल 7 स्पाइस के अलावा शहर की सभी धर्मशालाओं में दिन-रात बाहर दूर-दराज से बारातें आई। शहर में बाहर से आए बारातियों के कारण अजीब-सा माहौल दिखाई दिया। शहर की कोई ऐसी गली नहीं थी, जहां शहनाईयों की धून व मंगल गीत की गूंज सुनाई न दे रही हो। पिछले चार महीने से परिणय सूत्र में बंधने का इंतजार कर रहे जोड़ों ने सात फेरे लिए। आज से शुरू हुआ शादियों का सिलसिला दिसम्बर माह में भी जारी रहेगा।

### नवम्बर में 13 तो दिसंबर में 3 दिन रहेगी शादियों की धूम: शर्मा



ज्योतिषाचार्य पंडित राजेश शर्मा के अनुसार नवंबर और दिसंबर में कुछ ऐसे विशेष दिन हैं जो विवाह के लिए अत्यंत शुभ माने गए हैं। देवउठनी एकादशी के बाद नवंबर का महीना विवाह के लिए बेहद अनुकूल रहेगा। इस माह कुल 13 शुभ तिथियां मिल रही हैं जिन पर विवाह करना अत्यंत शुभ माना गया है। नवम्बर माह में एक नवंबर के बाद 2, 3, 5, 8, 12, 13, 16, 17, 18, 21, 22, 23, 25 व 30 नवम्बर के दिन शुभ है। नवंबर की तुलना में दिसंबर महीने में विवाह के लिए कम मुहूर्त उपलब्ध होंगे। पंचांग के अनुसार दिसंबर में केवल 3 शुभ तिथियां विवाह के लिए शुभ रहेंगी, इनमें 4, 5 व 6 दिसम्बर शामिल है। शहर के प्रमुख ज्योतिष पंडित राजेश शर्मा के अनुसार हर क्षण में ग्रह और नक्षत्र अपनी स्थिति बदलते रहते हैं। शुभ मुहूर्त वह समय होता है जब ग्रहों की स्थिति वर-वधू के पक्ष में होती है। इस अवधि में किया गया विवाह न केवल दांपत्य जीवन में सौभाग्य और स्थिरता लाता है, बल्कि देवताओं का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है।

## खबर संक्षेप

### पानीपतः नवजात बच्ची को नहर में फेंका, मौत

**पानीपत।** पानीपत में बह रही दिल्ली पेरलल नहर में शनिवार को एक नवजात बच्ची का शव बहता हुआ मिला। राहगीरों ने बच्ची के शव को देखा और थाना मॉडल टाउन पुलिस को घटना की जानकारी दी। इधर, पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकाला। जांच के बाद पुलिस ने बच्ची के शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाने के लिए शव को जन सेवा दल को सौंप दिया। इधर, जन सेवा दल के चमन लाल गुलाटी ने बताया कि बच्ची को जन्म के तुरंत बाद नहर में फेंका गया। इधर, पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**आदमपुर।** आदमपुर-भट्टू कलां रेलवे स्टेशन के बीच एक लगभग 25 साल के युवक की सिरसा से रेवाडी जा रही ट्रेन के चपेट में आने से मौत हो गई। रेलवे पुलिस चौकी इंचार्ज सुभाष चंद्र ने बताया कि युवक की पहचान नहीं हो पाई है तथा युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए फतेहाबाद भेज दिया गया। युवक का सिर धड़ से अलग हो गया। उन्होंने बताया कि इस बारे आदमपुर पुलिस चौकी से संपर्क किया जा सकता है।

### फ्रेंचाइजी के नाम पर 43.19 लाख की ठगी

**अंबाला।** सेना से सेवानिवृत हुए डिफेंस कॉलोनी के दो व्यक्तियों से हल्दीराम की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर 43.19 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। साइबर थाना पुलिस ने बलदेव नगर के आशा सिंह गार्डन के रहने वाले रंजीत सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित रंजीत सिंह ने बताया कि उसका दोस्त सूरज सिंह कोतड़ा डिफेंस कॉलोनी में रहता है। दोनों सेना से सेवानिवृत है व आर्मी पब्लिक स्कूल अंबाला कैंट में नौकरी करते हैं।

### करीब 70 लाख की हेरोइन बरामदगी का सप्लायर धरा

**सिरसा।** पुलिस ने करीब 70 लाख रुपये की 706 ग्राम हेरोइन



बरामदगी मामले में मुख्य सप्लायर को सिरसा जिले के गांव कागदाना क्षेत्र गिरफ्तार कर लिया है। नाथूसरी चोपटा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राधेश्याम शनिवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए सप्लायर आरोपी की पहचान औमप्रकाश उर्फ प्रकाश पुत्र मोहन लाल वासी बारु थाना राशमी जिला चितौडगढ़ (राजस्थान)के रूप में हुई है।

### ओमबीर को मिला केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक

**सिवानी।** खंड के गांव सिवाच के युवा ओमवीर ने गांव का नाम



राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। गांव के ओमबीर जो छत्तीसगढ़ के बीजापुर में तैनात है और सीआरपीएफ की 208वीं कोबरा कमांडो बटालियन के हवलदार धेडियो ऑपरेटर ओमवीर को केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक से सम्मानित किया गया है।

## गांव में दहशत का माहौल : जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पानी के सैंपल लेने के आदेश

# कैंसर का हॉटस्पॉट बना नूंह का फलेंडी गांव, एक साल में दो दर्जन से ज्यादा मौतें


### ग्रामीण बोले स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से बढ़ी चिंता

*नूंह जिले के फलेंडी गांव में कैंसर जैसी घातक बीमारी लोगों की जिंदगी पर कहर बनकर टूट रही है। पिछले एक साल के भीतर गांव में दो दर्जन से अधिक लोग इस बीमारी की चपेट में आकर दम तोड़ चुके हैं।*

***एक ही परिवार के चार सगे भाइयों की कैंसर ने ली जान, पति - पत्नी को भी लील गया कैंसर***

क़ासिम खान ▶▶ नूंह

नूंह जिले के पुन्हाना खंड के फलेंडी गांव में कैंसर जैसी घातक बीमारी लोगों की जिंदगी पर कहर बनकर टूट रही है। पिछले एक साल के भीतर गांव में दो दर्जन से अधिक लोग इस बीमारी की चपेट में आकर दम तोड़ चुके हैं। लगातार हो रही मौतों से गांव में दहशत का माहौल है। गांव में कोई न कोई व्यक्ति या तो कैंसर पीड़ित है या हाल ही में किसी को कैंसर की वजह से खो चुका है। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही ग्रामीणों की पीड़ा को और बढ़ा रही है। गांव के सभी रास्तों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है । गांव में कोई सफाई व्यवस्था नहीं है ये भी बीमारी का कारण बन रहा है । गांव के समाजसेवी इदरीश व अन्य लोगों का कहना है कि उन्होंने बार - बार स्वास्थ्य विभाग को मामले की जानकारी दी, लेकिन न तो गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया और न ही किसी अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों ने अब इस मामले को जिला उपायुक्त के रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान उनके संज्ञान में लाया। जिस पर उपायुक्त ने जल्द ही गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजने तथा पानी की जांच कराने का आश्वासन दिया है। फलेंडी गांव की आबादी करीब 8 हजार है। लगभग 2300 मतदाता इस गांव में हैं।



### दूषित पानी को बताया जा रहा मुख्य कारण

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पीने का पानी बेहद खराब गुणवत्ता का है। हैंडपंपों और नलों से निकलने वाला पानी इसका मुख्य कारण हो सकता है। ग्रामीणों के मुताबिक फलेंडी गांव गुड़गांव कैनाल और उजीना ड्रेन से सटा हुआ है। कैनाल का गंदा पानी नालियों और जमीन के जरिए भूजल में मिल रहा है। यही दूषित पानी बीमारी का सबसे बड़ा कारण हो सकता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सरकार तत्काल गांव के पानी और मिट्टी की जांच कराए ताकि असल कारण का पता लगाया जा सके। ग्रामीण इदरीश ने बताया कि बीते एक वर्ष में लगभग 25 लोगों की कैंसर के चलते मौत हुई है, जिसमें कई नौजवान लड़के थे ,जो अपने पीछे एक हंसता खेलता परिवार छोड़ गए। अब उस परिवार की देख रेख करने के लिए कोई नहीं है। सरकार को उन परिवारों की तरफ़ भी ध्यान देना चाहिए। इससे पहले साकरस, ऊंटका इत्यादि गाँवों में भी बड़ी तादात में कैंसर से लोगों की मौत व बीमारों की खबर सुर्खियों में रही है।

### गांव में दहशत का माहौल

फलेंडी गांव के लगभग हर मौहल्ले में कोई न कोई घर ऐसा है, जहां पिछले कुछ महीनों में किसी सदस्य की कैंसर से मौत हुई है। ग्रामीणों के अनुसार अब तक करीब 25 - 30 लोगों की मौत कैंसर से हो चुकी है, जबकि काफी लोग अभी भी बीमारी से जूझ रहे हैं। कुछ का इलाज गुरुग्राम, दिल्ली और जयपुर जैसे शहरों में चल रहा है। इनमें कई लोग तो ऐसे हैं, जो दिहाड़ी मजदूरी कर पेट पालते हैं। ऐसे में कई कैंसर मरीज जैसे - तैसे अपना इलाज कराते हुए धीरे - धीरे मौत के करीब जा रहे हैं।गांव के बुजुर्गों का कहना है कि पहले कभी ऐसी बीमारी नहीं थी, लेकिन पिछले तीन - चार सालों से कैंसर के मामले अचानक तेजी से बढ़ने लगे हैं। अगर पिछले दो - तीन वर्ष की बात करें तो कैंसर से अभी तक 70 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

### एक -एक घर से कई -कई मौतें

फलेंडी गांव में सद्दीक एवं शब्बीर पुत्रान नसीर दोनों सगे भाई कैंसर की वजह से अब इस दुनिया में नहीं हैं। इसके अलावा सुल्तान पुत्र इसाक एवं उनकी पत्नी अख्तरी अब इस दुनिया में नहीं है। सबसे खास बात यह है कि एक ही परिवार के चार सगे भाई लियाकत, हनीफ, कय्यूम, अय्यूब पुत्रान जोरे खान अब इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह चुके हैं। सबसे खास बात यह है कि कैंसर के अंतिम स्टेज पर मौत व जिंदगी की जंग लड़ रहे यूनुस पुत्र झड़मल उम्र करीब 35 वर्ष की दो बेटी जवान हैं।

### कैंसर से मरने वालों की सूची

1 सद्दीक पुत्र नसीर ख़ान उम्र 60 वर्ष
2 सब्बीर पुत्र नसीर ख़ान उम्र 55 वर्ष
3 आसु पुत्र टुंडुल उम्र 55 वर्ष
4 अरशद पुत्र हनीफ़ उम्र 50 वर्ष
5 इमरान पुत्र अज्जन उम्र 35 वर्ष
6 नूरदिन पुत्र बसीर उम्र 55 वर्ष
7 मेना पत्नी हमीदा उम्र 65 वर्ष
8 सुल्तान पुत्र इशाक उम्र 50 वर्ष
9 सुका पुत्र हसमल उम्र 65 वर्ष
10 लियाकत पुत्र जोरेख़ान 62 वर्ष
11 हनीफ उम्र 65 वर्ष
12 अय्यूब उम्र 63 वर्ष
13 क़य्यूम पुत्रान जोरे खान उम्र 50 वर्ष
14 जहिर पुत्र आला बक्स उम्र 50 वर्ष
15 इस्लामी पत्नी कासम उम्र 55 वर्ष
16 कासम पुत्र हंडा पुत्र 60 वर्ष
17 इसराइल पुत्र रमजान उम्र 65 वर्ष
18 आसिया पत्नी मजीद उम्र 65 वर्ष
19 अख़्तरी पत्नी सुल्तान उम्र 45 वर्ष
20 इब्राहिम पुत्र हसमल उम्र 65 वर्ष
21 जायदा पत्नी शाहिद उम्र 27 वर्ष
22 सुल्तान पुत्र जुम्मा उम्र 50 वर्ष
23 सब्बीर पुत्र जुम्मा उम्र 35 साल
24 जरीना पत्नी यासीन उम्र 55 साल
25 यासीन पुत्र दीनू उम्र 45 वर्ष
26 समसु पुत्र जहाज उम्र 50 वर्ष

### कैंसर से पीड़ित

1 खालिद पुत्र इसराइल उम्र 30 वर्ष
2 यूनुस पुत्र झड़मल उम्र 30 वर्ष
3 जरीना पुत्री हुसैना उम्र 45 वर्ष

### पानी का सैंपल जांच के लिए भेजा

पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि रात्रि ठहराव के दौरान उपायुक्त अखिल पिलानी ने गांव की सर्वे करने के आदेश दिए थे। डॉक्टरों की टीम गांव में सर्वे के लिए भेज दी गई है। पानी के सैंपल ले लिए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि कैंसर फैलने की मुख्य वजह क्या है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही गांव में लोगों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। - **डॉ विशाल सिंगला**, डिप्टी सिविल सर्जन

## पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने जताया शोक

# खांडा खेड़ी का लाल पवन सिंधु अरुणाचल में शहीद

### आज पैतृक गांव में होगा अंतिम संस्कार

13 राजपूताना राइफल में पेट्रोलिंग के दौरान पहाड़ी गिरने से शहीद हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



पवन सिंधु ( फाइल फोटो )

गांव खांडा खेड़ी के लाल पवन सिंधु अरुणाचल प्रदेश में 13 राजपूताना राइफल में पेट्रोलिंग के दौरान पहाड़ी गिरने से शहीद हो गए। सूचना मिलते ही पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया। रविवार को उनके पैतृक गांव खांडा खेड़ी में अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके निधन पर प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने गहरा शोक जताया है। गांव खांडा खेड़ी निवासी पवन सिंधु दसवीं कक्षा पास करके 2003 में सेना में भर्ती हो गया। उसके बाद 2006 में उसकी शादी झमोला निवासी रीतू से हो गई। उनके दो बेटे हुए। बड़ा लड़का वर्षीय 17 वर्षीय सौम्य और छोटा 16 वर्षीय विनय दोनों ही जुलाना के निजी स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे हैं। फिलहाल उनकी पोस्टिंग अरुणाचल के एलओसी चीन बॉर्डर के पास बड़ा रूपक में थी। उनकी ड्यूटी एक ऊंची पहाड़ी पर 13 दिनों के लिए पेट्रोलिंग में लगी हुई थी। पेट्रोलिंग का अंतिम ही दिन था। जब वे पहाड़ी के किनारे खड़े हुए तो अचानक नीचे जा गिरा। इनके साथ पेट्रोलिंग करने वाले जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसको ऊपर लाने का काम किया। वे गंभीर रूप से घायल थे। उनके सिर पर गहरी चोट लगी हुई थी। शुक्रवार की सुबह उन्होंने दमतोड़ दिया और वे देश के लिए बलिदान हो गया। शनिवार को उनका पोस्टमार्टम करवाया गया। रविवार को उनका पार्थिव शरीर दोपहर को दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचेगा और वहां से राजपूताना राइफल की गाड़ी में पूरे मान सम्मान के साथ उनका पार्थिव शरीर गांव खांडा खेड़ी में लाया जाएगा। पवन सिंधु के ताऊ रिटायर्ड सूबेदार कर्ण सिंह ने बताया कि उसकी यूनिट के सीईओ का फोन शुक्रवार को गांव के रिटायर्ड कैप्टन बलवान सिंह के पास आया था।

### वीरता और बलिदान को शत-शत नमन

अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है। मैं उनकी वीरता और बलिदान को शत-शत नमन करता हूं। इस कठिन समय में हम सब बलिदान के स्वजनों के साथ खड़े हैं।
-**कैप्टन अभिमन्यु**, पूर्व वित्त मंत्री हरियाणा

### गांव में शोक की लहर

ग्रामीण संदीप सिंधु ने बताया कि सूचना मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को हजारों की संख्या में उनके पार्थिव शरीर को मुंढाल से पूरे मान-सम्मान से लाने का काम करेंगे।

### हैनी ट्रैप गिरोह की एक और महिला सदस्य काबू

**बहादुरगढ़।** बुल्लड़ पहलवान व उसके दो साथियों को हनी ट्रैप में फंसाने वाले गिरोह की एक और महिला सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले इस केस में एक पुरुष और एक महिला की गिरफ्तारी हो चुकी है। अब तक गिरोह के तीन सदस्य जेल जा चुके हैं, जबकि चार अन्य की तलाश जारी है। हैनी ट्रैप का यह मामला मार्च 2024 का है। दरअसल, बहादुरगढ़ के निवासी वीरेंद्र बुल्लड़ व उसके साथी अमित तथा संदीप पर दुष्कर्म का केस दर्ज हुआ था। बुल्लड़ के मुताबिक, चंडीगढ़ हाईकोर्ट ने इस केस में गंभीर खामियां पाए जाने के बाद झज्जर पुलिस कमिश्नर को दोबारा गहन जांच के आदेश दिए थे।

# नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने वाले को 10 वर्ष की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भिवानी जिले में रहने वाली महिला ने थाना सदर पुलिस को शिकायत



दर्ज करवाई थी, जिसमें शिकायतकर्ता महिला ने पुलिस को बतलाया कि गत 25 दिसंबर 2023 को आरोपी उनकी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर घर से ले गया था, वहीं आरोपी ने उनकी लड़की के साथ दुष्कर्म किया, जो इस शिकायत पर थाना सदर पुलिस भिवानी ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना सदर भिवानी में दर्ज किया था। थाना सदर ने अभियोग अंकित करने के पश्चात तत्परता से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के सम्मुख पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को ट्रायल के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को कैद व जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपी की पहचान सोनू पुत्र रवि कुमार निवासी गली नंबर-दो दुर्गा कॉलोनी दिनोद रोड भिवानी के रूप में हुई है। न्यायालय ने 10 वर्ष कैद व 20000 रुपये जुर्माना भी लगाया।

### एफडी पर लिया लोन 20 लाख की धोखाधडी

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा धोखाधडी करने के मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है, जिसके निरंतर में पुलिस चौकी संजय कॉलोनी की टीम ने सिम लेकर खाता से पैसे ट्रांसफर करने तथा सिम के माध्यम से एफडी पर लोन लेकर लगभग 20 लाख रुपये की धोखाधडी करने के मामले में मुख्य आरोपी सहित दो लोगो को गिरफ्तार किया है। नवम्बर 2024 में जीवन नगर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी अपनी शिकायत बताया कि वर्ष 2020 में कोविड के दौरान उसके पति की मृत्यु होने पर पीएफ से क्लेम के पैसे उसके खाता में आये थे, परंतु अचानक उसके खाता से पैसे कहीं चले गये। शिकायतकर्ता के खाता पर पंजिकृत उसके फोन नम्बर से ऑनलाईन पैसे ट्रांसफर किये गये है।

# सरपंच पर हमला करने व जाति सूचक कहने के आरोप में भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



जिले के गांव खेवड़ा के अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले सरपंच से मारपीट, जातिसूचक शब्द कहने और मारने की धमकी देने का आरोपित भाजपा के जाखौली मंडल अध्यक्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।सरपंच बहादुर सिंह ने पुलिस आयुक्त को शिकायत देकर 28 सितंबर को बहालगढ़ थाना में मुकदमा दर्ज कराया है कि वह 21 सितंबर को महिला सांस्कृतिक केंद्र में मरम्मत कार्य का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान जाखौली मंडल अध्यक्ष जोगिंद्र उर्फ शेखर और उसके चाचा बलराम ने उन्हें अपने कार्यालय के सामने बुलाया था। सरपंच के अनुसार वहां दोनों ने उन्हें जातिसूचक शब्द कहे और मारपीट की। सरपंच का आरोप है कि वह बिना पंचायत की अनुमति के कार्यों को पास करवाना चाहते थे। सरपंच ने शिकायत में लिखा था कि बलराम आंतिल खुद को जेई बताकर एमबी खुद भरने की बात करता था, जबकि उसे सरकार या प्रशासन ने नियुक्त नहीं किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# सोशल मीडिया पर अपराध को बढ़ावा दे रहे 9 युवकों की आईडी ब्लॉक की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

अपराध जांच शाखा फतेहाबाद द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अपराधियों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में पुलिस टीम ने पाया कि विक्रम भाम्भू 005 नामक एक इंस्टाग्राम आईडी के माध्यम से अपराध को बढ़ावा देने एवं गलत छवि प्रस्तुत करने का प्रयास किया जा रहा था। इस पर कार्रवाई करते हुए अपराध जांच शाखा फतेहाबाद द्वारा उक्त आईडी से जुड़े कुल 9 व्यक्तियों फॉलोवर्स को शाखा में बुलाया गया। पूछताछ के दौरान सभी ने अपनी-अपनी इंस्टाग्राम आईडी से उक्त अकाउंट को अनफॉलो कर ब्लॉक कर दिया। उनके बयान दर्ज किए गए तथा संबंधित आईडी भी हासिल की गई। यह सभी लोग गांव सादलपुर तथा कालीरावण, जिला हिसार से संबंधित हैं। मौजिज व्यक्तियों की उपस्थिति में उन्हें सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर ब्लाक कर दिया गया।



फतेहाबाद। पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए बुलाए गए युवक।

# निजी अस्पताल के निदेशक से मांगी दो करोड़ की रंगदारी

**झज्जर।** शहर के निजी अस्पताल के निदेशक से दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। व्हाटसएप कॉल और वाइस मैसेज पर एक गैंग से संबंधित जुड़ा व्यक्ति यह कहते हुए सुनाई दे रहा है, हर्ष दो करोड़ रंगदारी के लिए मैसेज किया है, जहां पैसे पहुंचाने होंगे मैं तेरे को फोन कर बता करेंगा, वहां तू रख देना, अस्पताल चलाना है ना तुझे अपना। बस इतना कहते हुए मैसेज समाप्त हो जाता है। रंगदारी मांगने के बाद पीड़ित पक्ष द्वारा शिकायत पुलिस को दी गई। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईए, एसटीएफ के अलावा डीसीपी क्राइम ने स्वयं अस्पताल परिसर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस द्वारा पीड़ित पक्ष को सुरक्षा मुहैया करवाते हुए आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

**Surajmal Memorial Education Society (SMES)**
C-4, Janak Puri, New Delhi – 110058 Ph. 011-65215940
Web: www.surajmalmemorialeducationsociety.org; Email: recruitment@msijanakpuri.com

**REQUIRES**

**PRINCIPAL** for **Maharaja Surajmal School (MSSB)**, run by SMES, is a Sr. Secondary CBSE affiliated School, situated at Bahadurgarh-Jhajjar Road, District Jhajjar, Haryana.

**ESSENTIAL**
1) The candidate should have a minimum of Masters' Degree with at least 55% marks in any discipline alongwith a professional degree (B.Ed.) with good academic record and minimum 10 years of teaching experience at PGT level, including 5 years in administrative capacity in a recognized senior secondary school.

**AGE LIMIT**
1) Age not exceeding 55 years as on the last date of receipt of application.

**DESIRABLE**
1) Holding Ph.D. degree from recognized University.
2) Candidates with good communication, IT skills preferred.

**Note :** The application alongwith supporting educational and experience certificates should be sent by Post superscribed with the name of the post and addressed to The Secretary, Surajmal Memorial Education Society, C-4, Janakpuri, New Delhi-110058. The last date of receipt of application is 20.11.2025. Essential Qualifications and Experience as per CBSE and NCTE norms & prescribed applicable guidelines by School Management Committee of MSSB. Salary no constraint for deserving candidate. For details visit our website www.surajmalmemorialeducationsociety.org

Secretary (SMES)

खबर संक्षेप

### दिल्ली में बर्तन फैक्ट्री में भीषण आग



**वजीरपुर।** दिल्ली के नॉर्थ वेस्ट जिले के वज़ीरपुर इलाके में एक क्रॉकरी फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंच गईं और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। अशोक विहार थाना पुलिस भी बचाव कार्य में लगी हुई है। आग को बुझाने के लिए 10 फायर टेंडर तैनात किए गए हैं। हानि का आकलन नहीं हो पाया है।

### जबरन हिंदी थोप रहे भड़के सिद्धारमैया



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने केंद्र सरकार पर कर्नाटक के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य हर साल 4.5 लाख करोड़ का राजस्व देता है, लेकिन उसे बहुत कम हिस्सा वापस मिलता है। सिद्धारमैया ने कन्नड़ भाषा की अनदेखी और हिंदी को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया।

### डंपर ने टैक्सी को मारी टक्कर, 4 की मौत



**जोधपुर।** जिले के फलोदी के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 11 पर शुक्रवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ। भादू रेस्टोरेंट के पास खड़ी मजदूरों से भरी लोडिंग टैक्सी को पीछे से आ रहे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर ही 4लोगों की मौत हो गई, जबकि 6महिलाओं और 3 बच्चों सहित 12 गंभीर रूप से घायल हो गए।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## पीएम ने किया छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन का उद्घाटन

# प्रदेश को दी 14,260 करोड़ रु. की सौगात छत्तीसगढ़ बढ़ेगा तो देश भी प्रगति करेगा

### पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल जी की प्रतिमा का किया अनावरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रजत जयंती वर्ष मना रहे छत्तीसगढ़ को शनिवार को पीएम मोदी ने बड़ी सौगात दी. पीएम मोदी ने बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कुल 14,260 करोड़ की सौगात दी। पीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। बीते 25 सालों में छत्तीसगढ़ जिस तेजी से आगे बढ़ा है उसका मैं साक्षी भी रहा हूं। अब अगले 25 सालों में एक नया सूर्योदय होने वाला है, जो विकास का सूर्योदय होगा। पीएम ने लोगों से कहा कि वो अपने मोबाइल फोन की फ्लैश लाइट चालू करें और बताएं कि आपके हाथों में नए संकल्प की रोशनी और विकास के सूर्योदय का आगाज हो चुका है। पीएम मोदी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य की नीव रखी। आज 25 साल बाद जब मैं छत्तीसगढ़ को देखता हूं तो मेरा माथा गर्व से ऊंचा हो जाता है। जो बीज हम लोगों ने बोया था आज वो विकास का वट वृक्ष बन चुका है। पीएम ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ को लोकतंत्र का नया मंदिर मिला है। आदिवासी संग्रहालय प्रदेश के लोगों को मिला है। रायपुर के एक निजी विद्यालय के सभागार से शुरू हुआ विधानसभा विशाल भवन तक पहुंच गया।

विधानसभा का सफर अब 51 एकड़ में फैले विशाल भवन तक पहुंचा

आदिवासी संग्रहालय प्रदेश के लोगों को मिला, बीज आज वटवृक्ष बन गया




रायपुर। पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री, स्पीकर, लोकसभाध्यक्ष की मौजूदगी में नए विधानसभा का उदघाटन किया।

### रजत जयंती के उत्सव पर लोगों को बधाई

एक कार्यकर्ता के रूप में मैंने यहां बहुत समय व्यतीत किया, यहां से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। मेरे जीवन को गढ़ने में यहां के लोगों का, यहां की भूमि का बहुत बड़ा आशीर्वाद रहा है। इसके निर्माण का संकल्प और उस संकल्प की सिद्धि, हर एक क्षण पर मैं यहां के परिवर्तन का साक्षी रहा हूं। आज मुझे इस क्षण का भी सहभागी बनने का अवसर मिला। इस रजत जयंती के उत्सव पर मुझे राज्य के लोगों के लिए इस नई विधानसभा का लोकार्पण करने का सौभाग्य मिला है। इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं देता हूं, बधाई देता हूं।

### अटलजी का सपना साकार हो रहा

पीएम मोदी ने कहा कि जब भव्य और आधुनिक विधानसभा का लोकार्पण कर रहे हैं तो ये केवल एक इमारत का समारोह नहीं है बल्कि 25 वर्षों की जन आकांक्षा, जन संघर्ष और जन गौरव का उत्सव बन गया है। मैं उन महापुरुष को नमन करता हूं। वे हैं, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी। सअटल जी की प्रतिमा का भी अनावरण हुआ। उनका सपना साकार हो रहा।

**500 दर्शक क्षमता का और 100 लोगों की बैठक व्यवस्था**

अधिकारियों ने बताया कि विधानसभा भवन में 500 दर्शक क्षमता का आधुनिक ऑडिटोरियम और 100 लोगों के बैठने की क्षमता वाला सेंट्रल हॉल भी है।

### 'देव से देश' और 'राम से राष्ट्र' का संकल्प लिया था

पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर का नाम लेकर आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक जंग का जिक्र किया। उन्होंने 'राम से राष्ट्र' का मंत्र दिया और इसका अर्थ भी बताया। 'राम से राष्ट्र' का एक अर्थ यह भी है कि हम मानवता विरोधी ताकतों के विनाश का संकल्प लें।

### तीजनबाई के परिजन से की बात



पीएम ने सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका और पद्मविभूषण से सम्मानित तीजनबाई के परिजनों से फोन पर बात कर उनका हालचाल जाना है।तीजनबाई की बहू वेणु देशमुख ने बताया कि करीब 1 मिनट 18 सेकंड तक बात हुई है। उन्होंने हाल चाल जाना है।

### आज नवादा में करेंगे रोड शो

नवादा में प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सभास्थल पर पुलिस, एसपीजी और सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जाएगी। लगभग 1200 पुलिसकर्मी और 200 पुलिस अधिकारी तैनात रहेंगे।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस ने दी सफाई

# मेरी पत्नी हिंदू हैं...धर्म परिवर्तन का इरादा नहीं

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपनी पत्नी ऊषा वेंस के धर्म को लेकर दिए गए बयान का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी हिंदू हैं, ईसाई नहीं और उनका धर्म बदलने का कोई इरादा भी नहीं है। वेंस ने यह भी साफ किया कि उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपनी पत्नी के धर्म को बिल्कुल भी कमतर नहीं आंका है, जैसा आरोप लगाया जा रहा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में वेंस ने अपने आलोचकों पर 'नफरत' और 'ईसाई विरोधी पूर्वाग्रह' फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा, 'किसी ने मेरी पत्नी के धर्म को लेकर बेहद घिनौनी टिप्पणी की है और यह पहली बार नहीं है।'



एक यूनिवर्सिटी कार्यक्रम में जेडी ने की थी पत्नी के मजहब पर बात, हिंदू धर्म को कमतर आंकने का लगाया जा रहा है आरोप

### दिल्ली में 1590.50 रु. में मिलेगा गैस सिलेंडर

**नई दिल्ली।** 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर के दाम घट गए हैं। नई कीमत 1 नवंबर 2025 यानी से लागू हो गई है। आईओसीएल की वेबसाइट के मुताबिक 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की रिवाइज्ड कीमत दिल्ली में 1590.50 रुपए हो गई है, जो पहले 1595.50 रुपए थी। रसोई गैस सिलेंडर या 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमतों पर कोई असर नहीं हुआ। इससे पहले कमर्शिय एलपीजी सिलेंडर की कीमत में बदलाव अक्टूबर में हुआ था।

### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की सराहना की

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत तीन 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' खिताब हासिल करने पर पहल की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस तरह के जन आंदोलन महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को और गति प्रदान करते हैं। पीएम मोदी ने कहा, इस तरह की पहल बेहद सराहनीय है। ये महिला सशक्तिकरण प्रयासों को गति प्रदान करते हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने राष्ट्रव्यापी 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' (एसएनएसपीए) के तहत तीन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड खिताब हासिल किए हैं।

## अमेरिका में बड़ा वित्तीय घोटाला!

# भारतीय मूल के सीईओ पर 4000 करोड़ के फर्जीवाड़े का आरोप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका में भारतीय मूल के टेलीकॉम कंपनी के सीईओ बैंकिम ब्रह्मभट्ट पर 500 मिलियन डॉलर (4,000 करोड़ रुपए से ज्यादा) के बड़े वित्तीय घोटाले का आरोप लगा है। ब्रह्मभट्ट पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी ग्राहक खातों और राजस्व के दस्तावेज तैयार कर अमेरिकी बैंकों से भारी कर्ज हासिल किया। ब्रह्मभट्ट ब्रॉडबैंड टेलीकॉम और ब्रिजवॉइस नामक कंपनियों के मालिक हैं। इस घोटाले में प्रमुख निवेश फर्म एचपीएस इन्वेस्टमेंट पार्टनर्स और वैश्विक एसेट मैनेजमेंट दिग्गज ब्लैकरॉक के समर्थित फंड भी शामिल हैं। अगस्त 2024 में लेनदारों ने मुकदमा दायर किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि ब्रह्मभट्ट ने गैर-मौजूद राजस्व स्त्रोतों को कर्ज की गारंटी के रूप में गिरवी रखा। एचपीएस ने सितंबर 2020 में ब्रह्मभट्ट की एक कंपनी को कर्ज देना शुरू किया और यह राशि धीरे-धीरे बढ़कर 2021 की शुरुआत तक 385 मिलियन डॉलर और अगस्त 2024 तक 430 मिलियन डॉलर तक पहुंच गई। इन कर्जों का लगभग आधा हिस्सा बीएनपी परिबास बैंक द्वारा वित्तपोषित किया गया था।

## विज्ञापन को लेकर हुआ था विवाद

# कनाडाई पीएम ने मांगी ट्रंप से माफी टैरिफ के खिलाफ दिया गया था मैसेज

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने शनिवार को बताया कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से माफी मांगी है। इसकी वजह एक विज्ञापन था, जिसमें पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के पुराने भाषण का इस्तेमाल करके टैरिफ के खिलाफ मैसेज दिया गया था। दक्षिण कोरिया के ग्यॉंगजू शहर में पत्रकारों से बात करते हुए कार्नी ने कहा- मैंने राष्ट्रपति से माफी मांगी। वह नाराज हो गए थे। उन्होंने यह भी कहा कि जब वॉशिंगटन तैयार होगा, तब व्यापारिक बातचीत फिर से शुरू हो जाएगी। यह विज्ञापन कनाडा के ओंटारियो प्रांत की सरकार ने चलाया था। ट्रम्प इसे देखते ही गुस्सा हो गए थे। उन्होंने कनाडाई सामानों पर 10% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की घोषणा की और अमेरिका-कनाडा के बीच व्यापारिक बातचीत रोक दी। अतिरिक्त टैरिफ से अगले 5 साल में कनाडा की जीडीपी में लगभग 1.2% का नुकसान हो सकता है। इस विज्ञापन में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के शब्दों का इस्तेमाल किया गया था।

## गलत या भ्रामक विज्ञापन का मामला

# दीक्षांत आईएएस और अभिमनु आईएएस पर आठ-आठ लाख रुपसे का जुर्माना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने उपभोक्ता संरक्षण कानून, 2019 के अंतर्गत गुमराह करने वाले विज्ञापनों, अनुचित व्यापार कार्य प्रणालियों व उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन में लिप्त होने के लिए आईएएस दीक्षांत और आईएएस अभिमनु के खिलाफ अंतिम आदेश पारित किया है। प्रत्येक पर आठ-आठ लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह निर्णय उपभोक्ताओं को कानूनी संरक्षण प्रदान करने के लिए उनके अधिकारों की रक्षा और उन्हें बढ़ावा देने के लिए और यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया था कि किसी भी वस्तु या सेवा का कोई गलत या भ्रामक विज्ञापन बनाया जाए जो उपभोक्ता संरक्षण कानून, 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन करता हो। दोनों मामलों में, सीसीपीए ने सफल यूपीएससी उम्मीदवारों से प्राप्त अभ्यावेदन पर संज्ञान लिया, जिनके नाम और तस्वीरों का उपयोग उनकी सहमति के बिना उनके परिणामों का श्रेय लेने वाले विज्ञापनों में किया गया था।

**NOTICE**

I, Parveen Kumar S/o Satpal R/o H.No. 1315, Sector-1, Rohtak (Haryana) declare that my name in my all documents is Parveen Kumar. Now I want to change my name from Parveen Kumar to Parveen Kadyan. Parveen Kumar and Parveen Kadyan both are the same and one person. In future I may be called as Parveen Kadyan.

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
**In The Court of Dr. Monika Khanagwal, Additional Civil Judge (Senior Division), Jhajjar**
Satish Kumar
**Vs.**
General Public
**CNR No. HRJRA02-000020-2022**
**Next Date : 17.01.2026**
**PUBLICATION ISSUED TO :**
**General Public :- India**

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 17.01.2026 at 10:00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*

**Sd/- (Dr. Monika Khanagwal), Additional Civil Judge (Senior Division), Jhajjar**
**Dated this day of 13.10.2025**

## राज्य की राजधानी के खाने-पीने के शौकीनों में खुशी की लहर

अब तक सूची में 408 शहर शामिल

# लखनऊ की पाककला यूनेस्को की सूची में शामिल

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लखनऊ के जायकों की लज्जत हमेशा से खानपान के शौकीनों के बीच बेहद खास रही है,संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने अब शहर को पाककला के लिए 'क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क' शामिल किया है। इससे राज्य की राजधानी के खाने-पीने के शौकीनों में खुशी की लहर है, जिन्हें लगता है कि इस वैश्विक सूची से शहर का भोजन और भी लोकप्रिय हो जाएगा। महानिदेशक ऑंद्रे अजोले ने 31 अक्टूबर को लखनऊ सहित 58 शहरों को सीसीएन में नए सदस्य के रूप में शामिल करने की घोषणा की। इसमें अब 100 से अधिक देशों के 408 शहर शामिल हैं।



महानिदेशक अजोले

### यूनेस्को की महानिदेशक ऑंद्रे अजोले ने की यह घोषणा

### पाककला विरासत को वैश्विक स्वीकृति मिली



लखनऊ के व्यजनों की झलक।

अजोले ने कहा कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को 'पाक कला' श्रेणी में मान्यता दी गई है। लखनऊ को मिला यह सम्मान उसकी पाककला विरासत की वैश्विक स्वीकृति को प्रदर्शित करता है। यह सम्मान उस शहर को मिलता है जो अपनी खानपान परंपरा, सांस्कृतिक विविधता और नवाचार से विश्व को प्रेरित करता है। लखनऊ सदियों पुरानी परंपराओं से भरपूर खाने-पीने की चीजों की जन्नत है। लखनऊ को अब यूनेस्को द्वारा पाक-कला के रचनात्मक शहर के रूप में मान्यता दी गई है।

**मंत्री जयवीर ने उत्तरप्रदेश को देश का गौरव बताया**

लखनऊ को मिले इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए उप्र के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज देश का गौरव बन चुका है। लखनऊ की यह उपलब्धि उसके समृद्ध खानपान और संस्कृति की वैश्विक स्वीकृति है।

### कहानीकार और हिमांशु ने मान्यता को बहुत अच्छा बताया

कहानीकार और लेखक हिमांशु बाजपेई ने कहा कि लखनऊ को जो मान्यता मिली है वह वास्तव में बहुत अच्छी है। उन्होंने कहा कि हम लखनऊ के विभिन्न व्यंजनों, उनकी प्रासंगिकता और उनके महत्व के बारे में जानते हैं। यह मान्यता निश्चित रूप से हमें सहज खुशी देगी, लेकिन बड़ी बात यह है कि लखनवी भोजन, जो पहले से ही दुनिया भर में जाना जाता था, लोगों के बीच अपनी जगह को और मजबूत करेगा।

**नगर निगम रोहतक**
**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रोहतक की कर शाखा के सम्पत्तिकर के रिकार्ड में नई प्रोपर्टी आई०डी० नं० 1HNWEDY6, 1HLYT4A8, 1HRHMBQ2,1H8WVFN4, 1HWMYT98, 1H7N8PE3, 1HONOBU1, 1HKQDGD6, 1H7KGJA9, 1HF3RJH6, 1H5DHJB4, 1H99R1K3, 1H72MLA2 पुरानी प्रोपर्टी आई0डी0 नं0 139C55U196, 148C1U754J, 148C1U754G, 148C1U754B, 148C1U754C, 148C1U754D, 148C1U754H, 148C1U754F, 148C1U754A, 184C596U818A, 269C78U117, 269C8U39, 191C281UA132, वार्ड नं0/पता SUBASH NAGAR, VINAY NAGAR, FRINDS COLONY, SHYAM COLONY SEC-27 पुराने एन0डी0सी0 रिकार्ड में PARMESHWARI DEVI W/O MITER SEN SINDHU व सर्वे के अनुसार नए एन0डी0सी0 रिकार्ड में PARMESHWARI DEVI, SASHI, RAHUL, NA नाम से दर्ज है, अब नगर निगम के रिकार्ड में इस आई0डी0 नं0 में प्रार्थी जिसका नाम RUDRA SEN SINDHU, VIR SEN SINDHU, VRIT PAL SINDHU, ABHIMANYU SINDHU, SATYA PAL SINDHU, DEV SINDHU, के द्वारा वसीयत /वारसान के आधार पर अपने नाम तबदील करवाना चाहते हैं जिसकी वारसान रिपोर्ट तहसीलदार, रोहतक द्वारा तसदीक की गई है। यदि किसी भी जनसाधारण को इनके नाम तबदील करने में कोई भी आपत्ति है तो 30 दिन के अन्दर अन्दर नगर निगम कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवाये, अन्यथा प्रोपर्टी टैक्स में उसके नाम तबदील कर दी जायेगी। जिसके लिए नगर निगम, रोहतक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

क्रमांक: MCR/ZTC/2025/4179
दिनांक: 24/10/25

हस्ता/-
क्षेत्रीय कराधान अधिकारी,
नगर निगम रोहतक

## राशिफल

**मेष** – संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** – खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** – कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** – कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** – लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय

**वृश्चिक** – संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** – आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि

**मीन** – किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 6035




**बाएँ से दाए-**
1.सेवक,दास-3
3.निवास करना-3
5.खुजली-2
6.परोपकारी-5
9.प्याला,जाम-2
11.टोंटी,नलका-2
12.आनंद,जूस-2
13.प्रतिज्ञा,शपथ-3
16.सिमरन,सुमरन-3
18.सुअर-3
20.पेन,लेखनी-3
22.कमल,जलज-3
23.क्रोध,गुस्सा-2
24.पाश,फंदा-2
25.शोषण करना-3
28.गौरव,प्रशंसा-3
30.सूत कातने का साधन-3
31.गौरव-3
33.देवर्षि-3
35.अंधकार-2
36.यमराज-2
38.अलमस्त-2
40.सलाह देने वाला-5
41.बीता दिन-2
42.रसदार-3
43.इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.उर्वरक-2
2.विशाल,श्रेष्ठ-3
3.धनवान,संपन्न-3
4.घ्राणेद्रिय,इज्जत-2
5.दैत्य,असुर-3
7.मायाजाल-3
8.उद्धार,पार लगाना-3
10.शरण,आश्रय-3
14.चूर-चूर,ढहा-5
15.टोंटी,नलका-2
17.युद्ध,संग्राम-2
18.दूल्हा-2
19.राजपुत्र-5
21.मद्रास का समुद्र तट-3
22.नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26.मित्र,दोस्त.मीत-2
27.हूर,अप्सरा
29.मेहंदी-2
30.शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31.इसमें पौधा लगाते हैं-3
32.पीहर,नैहर-3
34.युक्तिवाद,पैरवी-3
35.टब,परात,तगारी-3
37.इच्छा-3
39.परत,तह-2
41.कदर,सम्मान-2

**शब्द पहेली -6034 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | म | ला | का | र | | | कु | रा | न | |
| था | न | | र | | कै | ला | श | | भ | ला |
| वा | | | खा | विं | द | | ल | | | य |
| च | म | क | ना | | | त | | क | स | क |
| क | | या | | क | ल | क | ल | | ली | |
| | आ | स | | ल | | रा | | शा | म | |
| | रा | | क | र | ता | र | | म | | ख |
| श | म | न | | व | | | म | त | ल | ब |
| ह | | | म | | दा | म | न | | | र |
| र | थ | | ग | र | म | | च | | दा | दा |
| | ल | की | र | | | स | ली | के | दा | र |



## बिहार में महागठबंधन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया कड़ा प्रहार

# कांग्रेस और राजद की सरकारों ने राज्य में जंगलराज थोपा और बिहार को अंधेरे में डाला, एनडीए ने नरसंहार से छुटकारा दिलाया

### शाह ने कहा- ये विधायक भर चुनने का नहीं, विकास का चुनाव, गिनाए 34 नरसंहार

एजेंसी ▶▶ पटना

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गोपालगंज में वर्चुअली चुनावी जनसभा को संबोधित किया। खराब मौसम के कारण उनका हेलिकॉप्टर पटना से उड़ान नहीं भर पाया।

शाह ने जंगलराज की याद दिलाई, साथ ही बंद पड़े चीनी मिलों को चालू कराने का वादा किया। करीब 8 मिनट के अपने भाषण में अमित शाह ने कहा कि पीएम ने बंद पड़ी रीगा चीनी मिल को चालू करने का काम किया है। बबाकी बंद पड़ी चीनी मिल को अगले 5 साल में चालू किया जाएगा। महागठबंध ने बिहार में जंगलराज थोपा। नरेंद्र जी और नीतीश जी के नेतृत्व में जो बिहार का विकास हुआ। शाह ने कहा जंगलराज के दौर में कई नरसंहार हुए, जिनमें बथानी टोला, सोनारी, शंकरबीघा नरसंहार जैसे अलग-अलग 34 नरसंहार हुए थे। जिसने बिहार की धरती को रक्तरंजित किया है।

खराब मौसम के कारण नहीं पुहंचा हेलिकॉप्टर तो वर्चुअली किया जनसभा को संबोधित


जनसभा को संबोधित करते गृहमंत्री शाह।

#### नीतीश जी के आने पर नरसंहार रुके

नालंदा में शाह ने कहा कि ये चुनाव किसी को विधायक या मंत्री बनाने के लिए नहीं हैं। ये चुनाव उस 'जंगलराज' को रोकने के लिए हैं, जो अपना वेष बदलकर आएगा। लालू-राबड़ी के शासन में 38 नरसंहार हुए। नालंदा के कई लोग मौत के घाट उतरे गए थे। किडनैपिंग, हत्या, लूट जैसे गैरकानूनी काम होते थे। लेकिन नीतीश ने इस धंधे पर रोक लगा दिया।

#### यह चुनाव सुशासन बनाम जंगलराज का चुनाव

शाह ने कहा कि यह चुनाव बिहार का भविष्य तय करेगा। बिहार की जिम्मेदारी किसे मिलेगी? उसे जिसने बिहार में जंगल राज थोपा या मोदी-नीतीश की जोड़ी को जिसने बिहार के विकास के लिए काम किया।

**शाह ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां**

शाह ने कहा कि एनडीए सरकार ने गोपालगंज जिले में डुमरिया घाट से पटना तक 2,200 करोड़ की लागत से एक एक्सप्रेसवे का निर्माण किया है। हथुआ में 340 करोड़ से आधुनिक एलपीजी बॉटलिंग प्लांट का निर्माण किया गया है। गोपालगंज के सबेया हवाई अड्डे पर जल्द ही उड़ानशुरू होंगी। मीरगंज बाईपास सड़क के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।

पटना में बोले नड्डा

#### लालू परिवार ने अपराध का उद्योग खड़ा किया

बिक्रम के क्रीड़ा मैदान में एनडीए की चुनावी सभा में भाजपा के राष्ट्रीय



अध्यक्ष जेपी नड्डा और लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। दोनों रिमझिम वर्षा के बीच सड़क मार्ग से पहुंचे। नड्डा ने कहा कि बिहार अब पीछे मुड़कर देखने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि लालू के जंगलराज और अंधकारमय शासन पर प्रधानमंत्री और नीतीश कुमार की सरकार ने विकास की लकीर खींची है। लालू परिवार नेअपराध का उद्योग खड़ा किया था।

प्रियंका ने केंद्र और राज्य की नीतियों पर किए सवाल

## ये दोनों सरकारें रोजगार, पलायन, निजीकरण और पूंजीपति हितैषी नीतियों को लेकर चल रहीं

प्रियंका गांधी वाड्रा ने बेगूसराय के बछवाड़ा में जनसभा से बिहार में अपनी चुनावी शुरुआत की। उन्होंने नीतीश सरकार और केंद्र



पर निशाना साधते हुए डबल इंजन मॉडल को एक दिल्ली संचालित सिंगल इंजन बताया और रोजगार, पलायन, निजीकरण और पूंजीपति हितैषी नीतियों को लेकर सवाल उठाए। यहां जनता का गुजारा नहीं हो रहा है। मोकामा की घटना पर उन्होंने कहा कि बिहार की जनता रोज ये सह रही है। किसी भी महिला से पूछ लीजिए क्या वे सुरक्षित हैं? प्रियंका पटना पहुंचीं। एनडीए ने एक करोड़ नौकरियां देने के वादे पर क्या किया? लोग बाहर जा रहे हैं।

#### बिहार के लोग झेल रहे पलायन सरकार ने उद्योग दोस्तों को दिए

प्रियंका ने बछवाड़ा वमें कांग्रेस प्रत्याशी गरीबदास के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।उन्होंने कहा कि यहां के लोग पलायन का दर्द झेल रहे हैं। सारे उद्योग अपने दोस्त को दे रखा है, जो देश की संपत्ति थी, जिससे रोजगार मिलता है। निजीकरण हो गया, सब काम ठेकेदारी पर हो रहा है। बड़े-बड़े वादे कर रहे थे। छोटे-छोटे व्यवसाय को खत्म कर दिया है।

मोकामा कांड पर तेजस्वी का तीखा सवाल

#### अब तक क्या कोई गिरफ्तारी हुई या संरक्षण ही मिल रहा है?

सिवान में जनसभा के दौरान महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद चेहरे तेजस्वी यादव ने मोकामा की ताजा हिंसा पर



सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि जन सुराज पार्टी समर्थक दुलारचंद यादव की मौत के बाद हुई घटना में अब तक क्या कोई गिरफ्तारी हुई या अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है? मोकामा में आरजेडी प्रत्याशी वीणा देवी की गाड़ी पर पथराव की घटना पर न तो सत्ता पक्ष ने निंदा की और न ही चुनाव आयोग ने कोई सख्त कार्रवाई की, जिससे क्षेत्र में तनाव और भय का माहौल बना हुआ है। खराब मौसम के कारण रैली में शामिल नहीं हो सके।

जेवीसी सर्वे में बनेगी एनडीए की सरकार

#### सबसे ताजा सर्वे में राजग को मिलेंगी 120-140 सीटें, महागठबंधन पीछे

यहां एनडीए और महागठबंधन के अलावा प्रशांत किशोर का जन सुराज दल भी चुनावी मैदान में है। ऐसे




में ठीक चुनाव से पहले एक ओपिनियन पोल सामने आया है, जिसमें बताया गया है कि बिहार में किसकी सरकार बन सकती है। जेवीसी ओपिनियन पोल में बताया है कि एनडीए की बिहार में सरकार बनने जा रही है। एनडीए को 120-140 सीटें मिल सकती हैं, जबकि महागठबंधन को 93-112 सीटों तक संतोष करना पड़ सकता है। भाजपा को 70-81, जेडीयू को 42-48, एलजेपी को 5-7, हम को 2 और आरएलएम को 2 सीटें मिलने का अनुमान है।

#### बिहार के सुनहरे भविष्य के लिए दें एनडीए का साथ : चिराग पासवान



लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि आने वाले 5साल बिहार के सपनों को साकार करने वाले होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री नीतीश के कुशल नेतृत्व में एनडीए की सरकार फिर से बनने जा रही है। युवाओं को रोजगार, महिलाओं को अवसर और शिक्षा-स्वास्थ्य में सुधार हमारी प्राथमिकता है।

## बारिश से सभा स्थगित, नीतीश ने पैदल ही किया रोड शो



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार की जनता अब भी जंगलराज के दिनों को नहीं भूली है। आज राज्य में जो विकास हो रहा है, उसी के आधार पर लोग इस बार मतदान करेंगे। पारु विधानसभा के सरैया में आमसभा मौसम के कारण स्थगित कर दी गई। इसके स्थान पर मुख्यमंत्री ने रोड शो किया। उन्होंने मंत्री केदार गुप्ता और एनडीए के राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रत्याशी मदन चौधरी से कहा कि वे सभा स्थल पर जाकर जनता तक संदेश पहुंचाएं।

#### अब 'बिहारी' कहलाना अपमान नहीं...

नीतीश कुमार ने वएक वीडियो संदेश जारी कर राज्यवासियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास व सामाजिक सौहार्द को प्राथमिकता दी गई है। नीतीश ने कहा कि जब हमने शासन संभाला था, तब 'बिहारी' कहलाना एक अपमान माना जाता था। हमने ईमानदारी और पूरी मेहनत से काम किया। आज 'बिहारी' कहलाना गर्व की बात है। सरकार ने हर वर्ग के लिए समान रूप से काम किया है। चाहे हिंदू हों या मुस्लिम, सवर्ण, पिछड़े, अति-पिछड़े, दलित या महादलित सबके लिए काम हुआ है।

## मतदाता सूची में गड़बड़ी पर एमवीए का 'सत्यचा मोर्चा'

**मुंबई।** मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए महाराष्ट्र का विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी ने शनिवार को विरोध मार्च आयोजित किया। इसे 'सत्यचा मोर्चा' नाम दिया गया है। सत्यचा मोर्चा दक्षिण मुंबई के फैशन स्ट्रीट से शुरू होकर बीएमसी मुख्यालय पर खत्म किया। मार्च में पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे, एनसीपी एसपी प्रमुख शरद पवार, मनसे प्रमुख राज ठाकरे और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बालासाहेब थोराट समेत अन्य नेता शामिल हुए। मोर्चा के समापन पर एक रैली को भी संबोधित किया, जिसमें नेता मतदाता सूची में गड़बड़ियों के खिलाफ आवाज उठाई। विपक्ष का दावा है कि मतदाता सूची में कई फर्जी नाम हैं। विपक्ष ने चुनाव आयोग पर इस मुद्दे पर आंख मूंदने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि महाराष्ट्र निकाय चुनाव तभी होने चाहिए, जब इन कमियों को दूर कर लिया जाए।

चुनाव आयोग पर लगाए गंभीर आरोप



प्रमोद कृष्णम का राहुल पर हमला



## किसी का सम्मान नहीं करते वे 'बदतमीजों के बादशाह' हैं

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

कांग्रेस के पूर्व नेता और आध्यात्मिक गुरु आचार्य प्रमोद कृष्णम ने इस बार उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सीधा और विवादित हमला बोलते हुए उन्हें बदतमीजों का बादशाह करार दिया है। उन्होंने संघ और हिंदू धर्म पर दिए अपने बयानों से भी राजनीतिक और धार्मिक हलकों में नई बहस छेड़ दी है।प्रमोद कृष्णम के ये बयान कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर सीधा हमला माने जा रहे हैं। राहुल के आचरण पर सवाल उठाते हुए आचार्यने लखनऊ में कहा कि राहुल किसी का सम्मान नहीं करते न प्रधानमंत्री का, न आरएसएस का और न ही संविधान का। उन्होंने राहुल पर निशाना साधते हुए कहा, राहुल का बुनियादी संस्कार ही गलत है। उनकी भाषा, बोलचाल और आचरण सबमें बदतमीजी झलकती है। वेहमेशा बेहूदा बातें करते हैं और किसी का आदर नहीं करते हैं। वे बदतमीजों के बादशाह हैं।




**आखिरकार दस माह से निरंतर जारी कटुता से परिपूर्ण व्यापारिक और कूटनीतिक कशमकश के पश्चात अमेरिका और चीन एक व्यापारिक समझौते पर पहुंच ही गए हैं। अमेरिकन राष्ट्रपति ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति चिनफिंग के मध्य दक्षिण कोरिया में संपन्न हुई कूटनीतिक वार्ता का परिणाम अब दुनिया के सामने आ चुका है। अमेरिका अब चीन में निर्मित वस्तुओं से टैरिफ को घटा दिया है। अब अमेरिका द्वारा फेंटानिल टैरिफ को 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है। इस समझौते के मुताबिक चीन अब अमेरिका से बड़ी मात्रा में सोयाबीन का आयात करने के लिए भी तैयार हो गया है। चीन के साथ रेयर मिनरल सप्लाई के व्यापार मुद्दे को भी सुलझा लिया गया है। विश्व में अमेरिका एवं चीन क्रमशः प्रथम व द्वितीय शक्तिशाली देश हैं। संभवतः यह एक अद्वितीय कूटनीति है, जो या तो सार्वजनिक स्तर पर अब तक समझी नहीं जा सकी है अथवा चीन, भारत व रूस के कर्ताधर्ता इसे भलीभांति समझकर समय-समय पर विभिन्न स्वरूपों में उत्पन्न होने वाली अपनी-अपनी कूटनीतिक भूमिकाएं निभा रहे हैं। अब इंतजार भारत और अमेरिका के बीच होने वाले व्यापार समझौते का है। ये कैसा होगा इसी का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# अमेरिका-चीन का ट्रेड सीजफायर



विश्लेषण
प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

**विगत दस महीनों से व्यापारिक प्रतिशोध की भावना से ओतप्रोत होकर चीन और अमेरिका एक-दूसरे पर एक से बढ़कर एक टैरिफ आयाद करते चले गए। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और चीन राष्ट्रपति चिनफिंग के मध्य दक्षिण कोरिया में संपन्न हुई कूटनीतिक वार्ता का परिणाम अब दुनिया के सामने आ चुका है। ट्रंप ने फरमाया कि अमेरिका अब चीन में निर्मित उन वस्तुओं पर आयद किए गए टैरिफ को घटा देगा, जिन्हे अमेरिका द्वारा टैरिफ युद्ध के दौरान किया गया था। ताकतवर देशों की अंतहीन लालची हवस ने दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है।**

प्रेसिडेंट ट्रंप के दूसरी दफा अमेरिकन राष्ट्रपति पद पर आसीन हो जाने के तत्पश्चात, फरवरी 2025 से अमेरिका और चीन के मध्य टैरिफ के विकराल सवाल पर संघर्षपूर्ण कूटनीतिक और व्यापारिक तनाव देखा गया है। विगत दस महीनों से व्यापारिक प्रतिशोध की भावना से ओतप्रोत होकर चीन और अमेरिका एक-दूसरे पर एक से बढ़कर एक टैरिफ आयाद करते चले गए। महत्वपूर्ण खनिज संपदा, जिनको रेयर मिनरल भी कहा जाता है, सेमीकंडक्टर्स, जिन्हें आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग की रीढ़ करार दिया जाता है, सोयाबीन आदि अनेक वस्तुओं के आयात-निर्यात के जटिल प्रश्नों पर अमेरिका और चीन के मध्य जबरदस्त व्यापारिक और कूटनीतिक तनाव का निरंतर दीदार होता रहा। आखिरकार विगत दस माह से निरंतर जारी कटुता से परिपूर्ण व्यापारिक और कूटनीतिक कशमकश के पश्चात अमेरिका और चीन एक व्यापारिक समझौते तक आखिरकार पहुंच ही गए हैं। अमेरिकन राष्ट्रपति ट्रंप और चीन राष्ट्रपति जिनपिंग के मध्य दक्षिण कोरिया में संपन्न हुई कूटनीतिक वार्ता का परिणाम अब दुनिया के सामने आ चुका है।

## डोनाल्ड ट्रंप का यू-टर्न

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फरमाया कि अमेरिका अब चीन में निर्मित उन वस्तुओं पर आयद किए गए टैरिफ को घटा देगा, जिन्हे अमेरिका द्वारा टैरिफ युद्ध के दौरान आयद किया गया था। अब अमेरिका द्वारा फेंटानिल टैरिफ को 20 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी फरमाया है कि व्यापारिक समझौते के मुताबिक चीन अब अमेरिका से बड़ी मात्रा में सोयाबीन का आयात करने के लिए भी तैयार हो गया है। चीन के साथ रेयर मिनरल सप्लाई के व्यापार मुद्दे को भी सुलझा लिया गया है। गौरतलब है कि मनमाने तौर पर टैरिफ आयाद करने में प्रेसिडेंट ट्रंप ने दोस्त और दुश्मन दोनों तरह के मुल्कों को कदाचित नहीं बख्शा। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा अपने पहले कार्यकाल में भी चीन के विरुद्ध ट्रेड वार का आगाज अंजाम दिया गया था। डोनाल्ड ट्रंप का नजरिया रहा कि चीन अनुचित तौर पर व्यापारिक नीतियां अख्तियार करता है। फरवरी 2025 में डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के ऊपर 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ आयाद करने का ऐलान किया था। इसके प्रतिउत्तर में चीन ने अमेरिका के विरुद्ध 20 प्रतिशत टैरिफ आयद कर दिया था। अमेरिका के लिबरेशन डे ऐतिहासिक अवसर पर डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर 34 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की बाकायदा धमकी दी थी।

## टैरिफ से सप्लाई चेन टूटी

चीन और अमेरिका के मध्य जारी टैरिफ युद्ध के कारण मैन्युफैक्चरर्स और ट्रेडर्स दोनों ही विकट संकट में आ गये। चीन के गोदामों में मैन्युफैक्चर्ड माल का विशाल अंबार लग गया। अमेरिकन कम्पनियां बेहद हताश निराश होकर घबरा उठीं। जटिल प्रश्न उठा खड़ा हुआ कि आखिरकार मैन्युफैक्चरर्स और ट्रेडर्स रातों-रात अपने निर्मित माल की सप्लाई चेन बरकरार रखने के लिए एकदम नया विकल्प किस तरह से ढूंढ निकाल सकते हैं। प्रेसिडेंट ट्रंप द्वारा प्रारंभ किए गए वैश्विक टैरिफ युद्ध के दौरान ही अमेरिकन प्रशासन द्वारा ट्रांसशिपमेंट पर भी प्रबल निशाना साधा गया, ताक चीन में निर्मित सामान को वियतनाम, कंबोडिया, लाओस आदि साम्यवादी देशों के माध्यम से अमेरिका को कदाचित भेजा नहीं जा सके। अमेरिका द्वारा प्रारंभ किए गए टैरिफ युद्ध के दौरान चीन एक कदम भी पीछे नहीं हटा।

## एग्रीकल्चर प्रोडक्ट पर निशाना

चीन द्वारा अमेरिका के एग्रीकल्चर सेक्टर को प्रबल निशाना बनाया गया। सोयाबीन जैसे एग्रीकल्चर प्रोडक्ट पर अत्यधिक टैरिफ आयद कर दिया गया। दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रंप ने एप्पल और वालमार्ट आदि अमेरिकन कंपनियों को चीन के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से पृथक करने की जबरदस्त कोशिशें अंजाम दी, किंतु बड़ी अमेरिकन कंपनियों को अनेक रियायतें प्रदान कर देने के कारण, डोनाल्ड ट्रंप की चीन के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का बायकॉट करने की पॉलिसी बेहद कमजोर होकर नाकाम सिद्ध हो गई। कूटनीतिक तौर पर चीन द्वारा अनेक दफा दोहराया गया कि वह अमेरिका के साथ बातचीत के लिए तत्पर है। किंतु प्रबल आत्मविश्वास से परिपूर्ण चीन हुकूमत ने बाकायदा ऐलान किया कि टैरिफ युद्ध में चीन एक कदम भी पीछे नहीं हटेगा। चीन द्वारा रेयर मिनरल्स का निर्यात अमेरिका को तत्काल रोक देने की उद्घोषणा ने अमेरिका को हतप्रभ करके रख दिया। उल्लेखनीय है कि चीन के रेयर मिनरल्स पर अमेरिकन मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की निर्भरता सर्वाधिक बनी रही है। उल्लेखनीय है कि चीन में ही 70 प्रतिशत रेयर मिनरल्स का उत्पादन किया जाता है। चीन द्वारा अमेरिका को सप्लाई किए जाने वाले रेयर मिनरल्स की उपयोगिता स्मार्टफोन से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों और आधुनिकतम उद्योगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

## कोल्ड वॉर का नया दौर शुरू

चीन के इस कठोर कदम के बाद अमेरिका द्वारा ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया और जापान आदि देशों के साथ अनेक समझौते अंजाम दिए गए हैं, ताकि चीन के अतिरिक्त भी अनेक देशों के मिनरल स्त्रोतों से अमेरिका के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को रेयर मिनरल्स निरंतर हासिल होते रह सकें। वैश्विक कूटनीति के अनेक प्रमुख जानकारों का विचार है कि अमेरिका और चीन दो मुख्तलिफ ध्रुवों पर खड़े हुए बुनियादी तौर पर धुर विरोधी चरित्रों के मुल्क हैं। विश्व पटल पर अघोषित तौर पर कोल्ड वॉर का दौर एक दफा फिर से शुरू हो चुका है। अघोषित कोल्ड वॉर में एक तरफ रूस, चीन, ईरान, उत्तरी कोरिया, वेनेजुएला, क्यूबा, दक्षिण अफ्रीका आदि अनेक देश हैं। दूसरी तरफ अमेरिका के नेतृत्व में नाटो सैन्य संगठन के यूरोपीय राष्ट्र हैं।

अतः अमेरिका और चीन के मध्य कोई भी समझौता स्थाई आकार कदाचित ले ही नहीं सकता। यह वस्तुतः एक अस्थाई संतुलनकारी व्यापारिक समझौता है। दोनों देश पहले से ही अगले व्यापारिक युद्ध की तैयारी में बाकायदा जुटे हुए हैं। विश्व पटल पर नव साम्रज्यवाद निरंतर जीवित बना रहा है। यह भी एक कटु सत्य है कि विश्व पटल पर अनेक बड़ी-बड़ी अर्थव्यवस्थाएं कायम हैं, जिनमें भारत की अर्थव्यवस्था भी शामिल हैं। प्रायः सभी देशों की अर्थव्यवस्थाएं परस्पर व्यापारिक टकरावों से थक चुकी हैं। अतः सारी दुनिया को लूट लेने की विनाशकारी हवस भी कायम बनी रही है। ताकतवर देशों की अंतहीन लालची हवस ने दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। यदि तीसरा विश्व युद्ध घटित हुआ तो ना विजयी होने वाला देश बचेगा ना पराजित होने वाला देश बचेगा।



# शांति की दस्तक या नए शीतयुद्ध की शुरुआत



ट्रंप-शी मुलाकात
प्रो. आरके जैन
स्वतंत्र पत्रकार

वैश्विक मंच पर दो महाशक्तियों, अमेरिका और चीन, के बीच तनाव की गूंज अब हर अर्थव्यवस्था, हर बाजार और हर कूटनीतिक गलियारे तक पहुंच चुकी है। यह तनाव कोई साधारण विवाद नहीं, बल्कि एक ऐसी रणनीतिक जंग है, जो वैश्विक व्यापार, तकनीक और भू-राजनीति की धुरी को हिला सकती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एशियाई यात्रा, जो 26 अक्टूबर को मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर से शुरू हुई, केवल एक औपचारिक दौरा नहीं है। यह एक शतरंज की बिसात है, जहां टैरिफ की धमकियां, दुर्लभ पृथ्वी खनिजों के प्रतिबंध और ताइवान जैसे संवेदनशील मुद्दे चालों का हिस्सा हैं। इस यात्रा का चरम बिंदु है ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंगकी छह साल बाद पहली आमने-सामने मुलाकात, जो 30 अक्टूबर को दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन के दौरान हुई। यह मुलाकात न केवल अमेरिका-चीन संबंधों को नया आकार देगी, बल्कि वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं, शेयर बाजारों और भू-राजनीतिक संतुलन को भी प्रभावित करेगी। सवाल हर किसी के मन में है-क्या यह मुलाकात ट्रेड वॉर की आग को ठंडा करेगी, या इसे और भड़काएगी? ट्रंप का यह पांच दिवसीय मिशन आसियान शिखर सम्मेलन से शुरू होकर जापान और दक्षिण कोरिया तक फैला है। ट्रंप का का लक्ष्य नए व्यापार समझौते करना है, ऐसे समझौते जो अमेरिकी कंपनियों को एशियाई बाजारों में गहरी पैठ दें और टैरिफ से राजस्व की धारा को मजबूत करें। कुआलालंपुर में ट्रंप ने आसियान नेताओं के साथ वार्ता शुरू की, जहां उन्होंने क्षेत्रीय व्यापार साझेदारी को बढ़ाने का वादा किया। लेकिन सबकी नजरें जापान पर टिकी हैं, जहां वे नई प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची से मिलकर अमेरिकी उद्योगों विशेषकर ऑटोमोबाइल और प्रौद्योगिकी में निवेश की प्रतिबद्धताएं हासिल करने की कोशिश करेंगे। जापान, जो ट्रंप के पहले कार्यकाल में व्यापार घाटे के दबाव में रहा, अब सतर्क कदम उठा रहा है। दक्षिण कोरिया में, जहां 31 अक्टूबर से 1 नवंबर तक एपेक सम्मेलन होगा, ट्रंप का एजेंडा और भी महत्वाकांक्षी है। वे कोरियाई नेताओं के साथ ऑटोमोबाइल पर 25% टैरिफ में राहत जैसे द्विपक्षीय समझौते पक्के करने की कोशिश करेंगे, साथ ही शी चिनफिंग के साथ एक 'लंबी और महत्वपूर्ण' बैठक एजेंडे में हैं। इस यात्रा का असली दांव अमेरिका-चीन ट्रेड वॉर है, जो 2018 से सुलग रहा है और ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में फिर लपटें उठा रहा है। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं अब टैरिफ की लड़ाई से आगे बढ़कर तकनीकी और रणनीतिक वर्चस्व की जंग में उलझी हैं। ट्रंप ने हाल ही में चीनी सामानों पर 100% तक टैरिफ की धमकी दी थी, जिसके जवाब में चीन ने दुर्लभ पृथ्वी खनिजों (रेयर अर्थ) जैसे नियोडिमियम और डिस्प्रोसियम पर निर्यात प्रतिबंध कड़े कर दिए। ये खनिज सेमीकंडक्टर, स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन और हथियार प्रणालियों के लिए अपरिहार्य हैं, और अमेरिका इनका 80% से ज्यादा चीन से आयात करता है। विशेषज्ञ इसे शी का 'पावर प्ले' मानते हैं, जो वार्ता की मेज पर उनकी स्थिति को मजबूत करता है। लेकिन इस मुलाकात में उद्देश्य आधे रास्ते तय कर चुके हैं। ट्रंप के प्राथमिक लक्ष्य हैं, रेयर अर्थ निर्यात पर राहत, फेंटेनिल तस्करी पर चीनी कार्रवाई और अमेरिकी सोयाबीन खरीद की बहाली, जो मिडवेस्ट के किसानों के लिए संजीवनी है। 2018-19 के ट्रेड वॉर में अमेरिकी किसानों को 28 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था, और अब चीन की सोयाबीन खरीद रोकने की रणनीति ट्रंप के ग्रामीण वोट बैंक को सीधे निशाना बना रही है। ट्रंप इसे 'फैंटास्टिक डील' बनाने की बात कहते हैं, जिसमें चरण एक समझौते का पालन, टैरिफ में स्थिरता और अमेरिकी फर्मों को चीनी बाजार में ज्यादा पहुंच शामिल है। शी चिनफिंग की रणनीति गहरी और धैर्यपूर्ण है। ट्रंप के पहले कार्यकाल से सबक लेते हुए, वे टैरिफ के झटके सहने को तैयार हैं। इसका कारण यह है कि अमेरिका अब चीन के निर्यात बाजार का सिर्फ चौथा हिस्सा है, और सोयाबीन जैसे संसाधनों के लिए चीन ने ब्राजील जैसे विकल्प तलाश लिए हैं। लेकिन शी घरेलू चुनौतियों से जूझ रहे हैं, 17% से ज्यादा युवा बेरोजगारी, एवरग्रैंड जैसे रियल एस्टेट संकट, और 100 ट्रिलियन युआन का स्थानीय सरकारी कर्ज, जो चीन की 5% विकास दर को धीमा कर रहे हैं। दोनों की यह मुलाकात शांति का क्षण लाएगी, या तनाव का नया अध्याय खोलेगी? यह सवाल न केवल वाशिंगटन और बीजिंग, बल्कि टोक्यो, सियोल और वैश्विक कॉरपोरेट बोर्डरूम्स में गूंज रहा है।

***इस यात्रा का असली दांव अमेरिका-चीन ट्रेड वॉर है, जो 2018 से सुलग रहा है। दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं अब टैरिफ की लड़ाई से आगे बढ़कर तकनीकी और रणनीतिक वर्चस्व की जंग में उलझी हैं।***

# ट्रंप-चिनफिंग की भेंटवार्ता के क्या हैं मायने



कूटनीति
विकेश कुमार बडोला
स्वतंत्र पत्रकार

वैश्विक राजनीति एवं कूटनीति में उलझन से नेताओं, मीडिया तथा गुप्तचर अभिकरणों को तो आनंद प्राप्त होता होगा, किंतु देशों के सामान्य नागरिकों के लिए यह दुखदायी आत्मघाती होता है। इन दिनों ऐसी ही उलझन का प्रतिनिधित्व करते हुए दिखाई दे रहे हैं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग। दोनों राष्ट्र प्रमुखों ने पूरे छह वर्ष के उपरांत दक्षिण कोरिया के बुसान विमानस्थल पर भेंट की तथा 100 मिनट तक पारस्परिक वार्ता की। पारस्परिक वार्ता को अपने-अपने देशों के लाभ हेतु निर्धारित करने के लिए दोनों नेता उदार हावभाव व विनम्र आचरण से युक्त दिखाई दिए। यह अत्यंत विचित्र एवं समझ रहित है कि जहां आठ माह से दोनों देश पारस्परिक शुल्क-युद्ध में उलझे हुए थे तथा एक-दूसरे के व्यापारिक विश्वासघात के कारण विश्व में नए-नए परस्पर विरोधी गुट खड़े कर थे, वहां अब एक ही भेंटवार्ता के बाद दोनों अमेरिका व चीन का वाणिज्यिक भविष्य सुधारने के संकल्प ले रहे हैं। ट्रंप-चिनफिंग की भेंट के बाद जहां अमेरिका ने चीनी फेंटानाइल के आयात पर शुल्क का मूल्य 20 से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है, वहां चीन ने भी अमेरिका से आयात होने वाले सोयाबीन पर लगा प्रतिबंध हटा दिया है। चीन पुनः अमेरिका से सोयाबीन क्रय करेगा। ट्रंप की घोषणा के अनुसार चीन से आयात होने वाली वस्तुओं पर शुल्क 57 से घटकर 47 प्रतिशत कर दिया गया है। दोनों नेताओं ने अनेक विषयों पर वार्ता की, किंतु चीनी सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन टिकटोक व ताइवान देश के संबंध में उनके मध्य कोई वार्ता नहीं हुई। ट्रंप अपने परिवर्तित स्वभाव के अनुसार चीनी राष्ट्रपति की प्रशंसा करते हुए उन्हें कठोर वार्ताकार बताने से नहीं चूके। जबकि चिनफिंग ने एक संतुलित वक्तव्य दिया। उनके अनुसार अमेरिका व चीन को किसी भी वैश्विक षड्यंत्र में फंसने से बचना चाहिए तथा विश्व के कल्याण को केंद्र में रखकर व्यापारिक दिशा निर्धारित करनी चाहिए। दुनिया अमेरिका की राजनीति से कितनी ही विचलित क्यों न होती रहे या फिर चीनी तकनीक पर आधारित चीन के व्यापार से कितनी ही प्रतिस्पर्द्धी समस्यायें क्यों न झेलती रहे, यह सत्य कम से कम आने वाले दस-बीस वर्षों तक परिवर्तित नहीं हो सकता है कि विश्व में अमेरिका एवं चीन क्रमशः प्रथम व द्वितीय शक्तिशाली देश हैं। संभवतः यह एक अद्वितीय कूटनीति है, जो या तो सार्वजनिक स्तर पर अब तक समझी नहीं जा सकी है अथवा चीन, भारत व रूस के कर्ताधर्ता इसे भलीभांति समझकर समय-समय पर विभिन्न स्वरूपों में उत्पन्न होनेवाली अपनी-अपनी कूटनीतिक भूमिकायें निभा रहे हैं।

***दोनों नेताओं ने अनेक विषयों पर वार्ता की, किंतु चीनी सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन टिकटोक व ताइवान देश के संबंध में उनके मध्य कोई वार्ता नहीं हुई।***

## अमेरिका से चीन निर्यात

12 लाख करोड़ ट्रेड

- एयरोस्पेस उत्पाद और पुर्जे
- मूलभूत रसायन
- कोयला और पेट्रोलियम गैस
- संचार और सेवा उद्योग मशीनरी
- कंप्यूटर उपकरण
- विद्युत उपकरण
- विद्युत उपकरण और सामान
- इंजन और टर्बाइन
- फल और सूखे मेवे
- सामान्य प्रयोजन मशीनरी
- औद्योगिक मशीनरी
- समुद्री उत्पाद
- मांस उत्पाद
- चिकित्सा उपकरण और आपूर्ति
- विविध फसलें
- विविध निर्मित धातु उत्पाद
- विविध निर्मित वस्तुएं
- मोटर वाहन पुर्जे
- मोटर वाहन
- नेविगेशनल और मापन उपकरण
- अलौह धातु उत्पाद
- तेल और गैस
- तिलहन और अनाज
- फार्मास्युटिकल उत्पाद और दवाएं
- प्लास्टिक उत्पाद व अन्य

## कार्टूनिस्ट की नजर में...



## चीन से अमेरिका निर्यात

36.8 लाख करोड़ ट्रेड

- इलेक्ट्रॉनिक्स : स्मार्टफोन, कंप्यूटर, टेलीविजन, और अन्य उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक सामान
- मशीनरी : औद्योगिक मशीनें, उपकरण, और यांत्रिक पार्ट्स
- कपड़े और टेक्सटाइल : कपड़े, जूते, और अन्य वस्त्र उत्पाद
- खिलौने और खेल का सामान : बच्चों के खिलौने, गेमिंग उपकरण, और खेल से संबंधित उत्पाद
- फर्नीचर : बेड, सोफा, टेबल, और अन्य घरेलू फर्नीचर
- प्लास्टिक और रबर उत्पाद : रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुएं जैसे कंटेनर, पैकेजिंग सामग्री आदि
- ऑटोमोबाइल पार्ट्स : वाहनों के लिए कलपुर्जे और सहायक उपकरण

- 2023 के आंकड़ों के अनुसार, चीन से अमेरिका को होने वाला कुल निर्यात लगभग 500 अरब डॉलर से अधिक का था। ये उत्पाद सस्ती कीमत और बड़े पैमाने पर उत्पादन की वजह से अमेरिकी बाजार में लोकप्रिय हैं।

# आर्थिक अस्थिरता के बीच आसियान में भारत की प्रभावी होती भूमिका



शिखर सम्मेलन
अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ स्तंभकार

अमेरिकी टैरिफ से उपजे आर्थिक अस्थिरता के बीच मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में संपन्न आसियान शिखर सम्मेलन ढेर सारे निहितार्थों को समेटे हुए है। बदलते वैश्विक परिदृश्य के नजरिए से देखें तो आसियान सम्मेलन के जरिए भारत ने एक बार फिर अपनी प्रभावी भूमिका को निरुपित किया है। 22वें आसियान शिखर सम्मेलन को वर्चुअल तरीके से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कहा कि 21वीं सदी भारत और आसियान की सदी है और साल 2026 आसियान-इंडिया ईयर ऑफ मेरीटाइम कोऑपरेशन के रूप में मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री का संबोधन रेखांकित करने के लिए पर्याप्त है। भारत वैश्विक संगठन आसियान की सार्थकता और उपादेयता को लेकर बेहद गंभीर और सक्रिय है। प्रधानमंत्री मोदी ने आसियान संगठन में भारत की भूमिका को स्पष्ट करते हुए कहा कि भारत और आसियान मिलकर विश्व की लगभग एक-चौथाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं जो न सिर्फ भूगोल साझा करते हैं बल्कि गहरे ऐतिहासिक संबंधों और साझे मूल्यों की डोर से भी जुड़े हुए हैं। दोनों ग्लोबल साउथ के सहयात्री हैं। गौर करें तो आसियान भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का मुख्य आधार है जो शुरू से ही आसियान के केंद्रीय और वैश्विक उद्देश्यों का समर्थन करता है और दक्षिण-पूर्वी एशिया क्षेत्र की उन्नति का पक्षधर है। यहां ध्यान देने वाली बात है कि आसियान के ग्यारह देशों (इंडोनेशिया, सिंगापुर, वियतनाम, मलेशिया, थाईलैंड, म्यांमार, बुरनेई, फिलीपींस, लाओस, कंबोडिया और तिमोर लेस्ट) के बीच समन्वय और साझेदारी विकसित करने के लिए भारत की भूमिका सराहनीय रही है। याद होगा कि वर्ष 2018 में भारत के आमंत्रण पर 69वें गणतंत्र दिवस समारोह में तब दस आसियान देशों के राष्ट्र प्रमुखों ने शिरकत की थी और सभी ने राजनीतिक, आर्थिक, रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के साथ क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर एक-दूसरे की मदद का संकल्प लिया था। तब हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र में नियम आधारित नौवहन व्यवस्था को गति देने के साथ कट्टरवाद, उग्रवाद, मानव तस्करी जैसे चुनौतियों से मिलकर मुकाबला करने पर सहमति बनी थी। गौर करें तो आसियान के गठन का उद्देश्य ही दक्षिण-पूर्व एशिया में आर्थिक प्रगति को गति देना और उसके आर्थिक स्थायित्व को बनाए रखते हुए आपसी विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाना है। भारत और आसियान देशों की कुल आबादी 2.13 बिलियन है। आसियान दुनिया का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक परिक्षेत्र भी है। इसके बढ़ते आर्थिक प्रभाव का नतीजा है कि न केवल भारत, रूस, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, अमेरिका, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड जैसे देशों के साथ उसके संबंध प्रगाढ़ हैं बल्कि विश्व के अनेक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय और गैर-सरकारी संगठनों का भी उससे मजबूत संबंध हैं। वैश्विक आर्थिक रंगमंच पर आसियान की भूमिका कितनी प्रभावी है इसी से समझा जा सकता है कि विश्व के लगभग चार दर्जन गैर आसियान देशों और संगठनों ने जकार्ता स्थित आसियान के सचिवालय में अपने राजदूतों की नियुक्ति की है। आसियान का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है कि उसकी तुलना में आज उत्तरी अमेरिका और यूरोप की अर्थव्यवस्था धीमी गति से आगे बढ़ रही है वहीं पूर्वी यूरोप एवं रुस का आर्थिक ढांचा चरमराया हुआ है। दूसरी ओर अफ्रीका महाद्वीप में आर्थिक अस्थिरता का माहौल है। ऐसे में अगर कहा जाए कि आज आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र अमेरिका, यूरोप और पश्चिम एशिया के बजाए दक्षिण पूर्व एशिया बन गया है तो गलत नहीं होगा। माना जा रहा है कि है कि आने वाले वर्षों में पूंजी निवेश की उपलब्धता के कारण यह क्षेत्र अति आधुनिकतम तकनीक एवं विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी होगा। जहां तक भारत का सवाल है वह दक्षिण पूर्व एशिया की ओर व्यापार, पूंजीनिवेश तकनीक, बाजार की उपलब्धता, एवं आदान-प्रदान के रूप में देखता है जो आज की जरूरत है। वहीं, बदलती हुई नई विश्व व्यवस्था में दक्षिण पूर्व एशिया के देश भी भारत की ओर आर्थिक आदान-प्रदान की दृष्टि से देख रहे हैं। आज भारत आसियान के लिए छठा सबसे बड़ा करोबारी साझीदार बन चुका है। भारत और आसियान का द्विपक्षीय व्यापार तकरीबन 123 बिलियन डॉलर का है।

दोनों के बीच 2010 में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट यानि एफटीए हुआ था। फिलहाल भारत इस एफटीए की समीक्षा करना चाहता है। इसलिए कि आसियान देशों के 40-60 फीसदी के बनिस्बत भारत की तरफ से 71 फीसदी उत्पादों पर टैक्स छूट दिए जाने से असंतुलन की स्थिति उत्पन हो गई है। बदलती आर्थिक स्थितियों को ध्यान में रखते हुए मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने उचित कहा कि विश्व में व्याप्त संरक्षणवाद और आर्थिक अनिश्चितता का सामना करने के लिए अनुकूलनशीलता और सहयोग की जरूरत है। गौर करें तो तमाम विसंगतियों और तनावों के बीच गुजरते वक्त के साथ आसियान की भूमिका व्यापक और प्रभावी हो रही है। भारत की बात करें तो पिछले डेढ़ दशक के दौरान आसियान देशों से भारत में लगभग छह लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है।



**आसियान का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है कि उसकी तुलना में आज उत्तरी अमेरिका और यूरोप की अर्थव्यवस्था धीमी गति से आगे बढ़ रही है वहीं पूर्वी यूरोप एवं रुस का आर्थिक ढांचा चरमराया हुआ है।**

# इतिहास रचने को तैयार टीम इंडिया, महिला वर्ल्ड कप को मिलेगा नया चैंपियन

## आज दोपहर 3 बजे से भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खिताबी मुकाबला

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

इंग्लैंड और न्यूजीलैंड ने महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में अपने तीसरे प्रयास में खिताबी सूखे को खत्म किया था और कुछ ऐसी ही स्थिति भारतीय महिला टीम की है, जो रविवार को अपने तीसरे विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की चुनौती का सामना करेगी। दक्षिण अफ्रीका का यह महिला विश्व कप का पहला फाइनल है। भारतीय टीम इससे पहले मिताली राज की अगुवाई में 2005 और 2017 में विश्व कप के फाइनल में पहुंच चुकी है। साल 2005 में दक्षिण अफ्रीका में खेले गए विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 98 रन से हराया था जबकि 2017 में इंग्लैंड ने घरेलू सरजमीं पर रोमांचक फाइनल में भारत पर नौ रन से जीत दर्ज की की। ऑस्ट्रेलिया सात खिताब और 9 फाइनल के साथ विश्व कप की सबसे सफल टीम है जबकि इंग्लैंड ने तीन और न्यूजीलैंड ने एक खिताब जीता है ऐसे में रविवार का दिन महिला क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक होगा क्योंकि जीतने वाली टीम पहली बार विश्व विजेता बनेगी।




### विश्व कप में 1982 में हुआ था पहला फाइनल मैच

महिला विश्व कप के शुरुआती दो आयोजनों में विजेता का फैसला लीग चरण के अंकों के आधार पर हुआ था। इसमें 1973 में इंग्लैंड और 1978 में ऑस्ट्रेलिया चैंपियन बना था। विश्व कप में फाइनल मैच की प्रथा 1982 से शुरू हुई। इंग्लैंड को 1982 और 1988 में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से शिकस्त का सामना करना पड़ा लेकिन टीम ने 1993 में न्यूजीलैंड को हराकर पहली बार विश्व कप फाइनल जीता। न्यूजीलैंड इसके बाद 1997 में भारत में खेले गए विश्व कप के फाइनल में पहुंचा लेकिन इस बार उसे ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। टीम ने हालांकि घरेलू सरजमीं पर साल 2000 में खेले गये विश्व कप के फाइनल में चिर-प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया को हराकर इंग्लैंड की तरह ही अपने तीसरे प्रयास में सफलता हासिल की। भारत विश्व कप में अपना तीसरा फाइनल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलने को तैयार है।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, श्री चरणी, राधा यादव।

**दक्षिण अफ्रीका :** लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), एनेके बॉश, तजमिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्कसन, सिनालो जाफ्ता, मारिजान काप अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, सुने लुस, कराबो मेसो, नॉनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुखुने, नोंडुमिसो टंगारियोन।

### वनडे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी

दोनों देशों के बीच 33 वनडे मैचों 20 जीत के साथ भारत का पलड़ा भारी है लेकिन विश्व कप में मुकाबला बराबरी का है। वनडे विश्व कप के छह मैचों में भारत के नाम तीन जीत हैं लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने पिछले तीनों मैच में भारत को शिकस्त दी है। दक्षिण अफ्रीका इकलौती ऐसी टीम है, जिसे भारत ने 2017 से इस वैश्विक आयोजन में नहीं हराया है। विश्व कप के इतिहास में इससे ज्यादा बार लगातार मैचों में ऑस्ट्रेलिया (आठ) और न्यूजीलैंड (पांच) ने भारत को हराया है।

### मेजबान टीम खेलेगी खिताबी मुकाबला

भारत ने फाइनल की मेजबानी कर रहे डीवाई पाटिल स्टेडियम में अपने दो मैचों जीत दर्ज की है जबकि बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया था जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली बार इस मैदान पर खेलेगी।

## खबर संक्षेप




### न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को हराया सीरीज पर किया कब्जा

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को तीसरे वनडे क्रिकेट मैच में 222 रन पर समेटने के बाद दो विकेट से हराकर श्रृंखला 3.0 से जीत ली। न्यूजीलैंड ने 32 गेंद बाकी रहते आठ विकेट पर 226 रन बनाए। जाक फोकेस 14 और ब्लेयर टिकनेर 18 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड ने पहला मैच चार विकेट से और दूसरा पांच विकेट से जीता था। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने जोफ्रा आर्चर, ब्रायडन कार्स और जैमी ओवरटन से सारे ओवर करा लिए थे लिहाजा निर्णायक आखिरी ओवरों में सैम कुरेन और आदिल रशीद के ही विकल्प बचे थे। इंग्लैंड के बल्लेबाज श्रृंखला में तीसरी बार नाकाम रहे और टीम 50 ओवरों के भीतर ही आउट हो गई। एक समय पर पहले दस ओवर के भीतर उसके चार विकेट 44 रन पर गिर गए थे। इस महीने से आस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली एशेज श्रृंखला से पहले जैमी स्मिथ, बेन डकेट, जो रूट और जैकब बेथेल का खराब फॉर्म चिंता का सबब है।

### टी20 में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने बाबर

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम भारत के रोहित शर्मा और विराट कोहली को पीछे छोड़कर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। बाबर ने लाहौर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में 18 गेंदों पर 11 रन बनाकर यह उपलब्धि हासिल की। बाबर ने अब तक 123 मैचों में 39.57 की औसत से 4234 रन बनाए हैं, लेकिन सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शामिल अन्य खिलाड़ियों की तुलना में उनका स्ट्राइक रेट और छक्कों की संख्या कम है। बाबर का स्ट्राइक रेट 128.77 है और उन्होंने 73 छक्के लगाए हैं। इस मामले में रोहित, कोहली, जोस बटलर और पॉल स्टर्लिंग उनसे आगे हैं।

### अर्शदीप को नजरअंदाज करना उचित नहीं : अश्विन



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में भारतीय टीम प्रबंधन के टी20 टीम के अंतिम एकादश में अर्शदीप सिंह को शामिल नहीं करने पर हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज के रिकॉर्ड को देखते हुए उन्हें जसप्रीत बुमराह के बाद दूसरी पसंद का तेज गेंदबाज होना चाहिए। अश्विन का मानना है कि अर्शदीप जैसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को नजरअंदाज करना उचित नहीं है। अश्विन ने कहा, 'अगर बुमराह खेल रहे हैं तो अर्शदीप सिंह का नाम आपके तेज गेंदबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर होना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'अगर बुमराह नहीं खेल रहे हैं तो अर्शदीप उस टीम में आपका पहला मुख्य तेज गेंदबाज बन जाएगा।

## आज दोपहर 1:45 बजे से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टी20

# तेज गेंदबाज हेजलवुड टीम से बाहर भारतीय बल्लेबाजों को मिलेगी राहत

एजेंसी ▶▶| होबार्ट

तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति में भारतीय बल्लेबाजों को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार 2 नवंबर को होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में थोड़ी राहत मिलेगी और वह पहले से बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अंतिम एकादश में जगह मिल पाती है या नहीं क्योंकि उनको लगातार बाहर रखने पर सवाल उठने लग गए हैं। सही लंबाई पर गेंद डालने में हेजलवुड की सटीकता और उछाल, भारतीय बल्लेबाजों के लिए दुःस्वप्न बन गई। ऑस्ट्रेलिया को इस महीने के आखिर में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला खेलनी है और उसे देखते हुए हेजलवुड को विश्राम दिया गया है।




### भारतीय बल्लेबाजों को अतिरिक्त उछाल वाली गेंदों से दिक्कत

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने मेलबर्न में खेले गए दूसरे मैच के बाद कहा था, 'यह निश्चित रूप से राहत की बात होगी। मैंने ऐसी गेंदबाजी का सामना पहले कभी नहीं किया।' ऐसी स्थिति में भारतीय बल्लेबाजों को राहत मिलना स्वाभाविक है और वे जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस या सीन एबॉट जैसे गेंदबाजों का सामना करते समय अधिक आश्वस्त महसूस करेंगे। कप्तान सूर्यकुमार यादव और शुभमन गिल दोनों को अतिरिक्त उछाल और अच्छी सीम मूवमेंट वाली गेंदों से निपटने में दिक्कत हो रही है। सूर्यकुमार और गिल ने कैनबरा में बारिश से प्रभावित मैच में अच्छी बल्लेबाजी की थी और वह उसको दोहराने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। यह मैच बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया था।

### बेलेरिव ओवल स्टेडियम की सीमा रेखा छोटी

होबार्ट स्थित बेलेरिव ओवल एक ऐसा मैदान है, जहां दोनों तरफ की सीमा रेखा छोटी है और ऐसे में शार्ट पिच गेंद पर कवर, प्वाइंट, स्क्वायर लेग या मिड-विकेट पर लंबे शॉट लगाए जा सकते हैं। बेलेरिव ओवल वह मैदान है, जहां विराट कोहली ने 2012 में श्रीलंका के खिलाफ 321 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 86 गेंदों में नाबाद 133 रन की शानदार पारी खेली थी। बेलेरिव ओवल की पिच पारंपरिक रूप से सफेद गेंद से होने वाले मैचों के लिए उपयुक्त मानी जाती है। यह तेज गेंदबाज एलिस का बीबीएल में घरेलू मैदान भी है, जो स्थानीय फ्रेंचाइजी होबार्ट हरिकेंस के कप्तान हैं। इस दौरे पर बल्लेबाजी की गहराई को लेकर भारतीय टीम प्रबंधन का जुनून चर्चा का विषय रहा है और एमसीजी में 125 रन के मामूली स्कोर पर आउट होने के बाद उसकी इस रणनीति पर सवाल उठने लग गए हैं।

### हर्षित की गेंदबाजी में निरंतरता का अभाव

जहां तक गेंदबाजी का सवाल है तो हर्षित की गेंदबाजी में निरंतरता का अभाव है। अब यहां देखना दिलचस्प होगा कि अर्शदीप को उनकी जगह अंतिम एकादश में शामिल किया जाता है या नहीं। अगर टीम प्रबंधन हर्षित को टीम में बनाए रखने की रणनीति पर कायम रहता है तब भी अर्शदीप को किसी एक स्पिनर के स्थान पर अंतिम एकादश में रखना चाहिए क्योंकि यहां के विकेट से स्विंग मिलने की संभावना है।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलिया :** मिशेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, महली बियर्डमैन, टिम डेविड, बेन ड्वार्शिस, नाथन एलिस, ग्लेन मैक्सवेल, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमन, मिशेल ओवेन, जोश फिलिप, तनवीर संघा, मैथ्यू शॉर्ट और मार्कस स्टोइनिस।

## टेनिस

# बोपन्ना ने छोड़ा रैकेट, पेशेवर टेनिस को कहा अलविदा

- रोहन ने कहा, टूर पर बीस यादगार वर्ष बिताने के बाद अब विदा लेने का समय



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनुभवी टेनिस खिलाड़ी और दो बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रोहन बोपन्ना ने पेशेवर टेनिस को अलविदा कह दिया, जिससे एटीपी टूर पर उनके दो दशक से अधिक के कैरियर पर विराम लग गया। 45 वर्ष के बोपन्ना ने आखिरी बार इस सप्ताह पेरिस मास्टर्स में खेला, जिसमें वह कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक के साथ पहले दौर में हार गए। कर्नाटक के कूर्ग के रहने वाले बोपन्ना ने ' अलविदा ..लेकिन अंत नहीं ' शीर्षक से अपने भावुक बयान में लिखा,' आधिकारिक रूप से खेल से विदा ले रहा हूं।' उन्होंने आगे लिखा ,' आप उस चीज से विदा कैसे ले सकते हैं, जिसने आपकी जिंदगी को मायने दिए। टूर पर बीस यादगार वर्ष बिताने के बाद अब विदा लेने का समय है।' उन्होंने लिखा,'भारत के छोटे से शहर कूर्ग से सफर की शुरुआत करने से लेकर , सर्विस दमदार बनाने के लिए लकड़ी के टुकड़े कांटने, स्टेमिना बढ़ाने के लिए कॉफी के बागानों के बीच से जॉगिंग करने से लेकर दुनिया के सबसे बड़े कोर्ट पर दूधिया रोशनी में अपने सपनों को पूरा करने तक। सब सपने जैसा लगता है।'

### रोहन ने 2023 में डेविस कप से ली थी विदाई

बोपन्ना ने पेरिस ओलंपिक के बाद अंतरराष्ट्रीय कैरियर से संन्यास ले लिया था। उन्होंने 2023 में डेविस कप से विदा ली थी और आखिरी बार लखनऊ में मोरक्को के खिलाफ खेला था। युगल विशेषज्ञ बोपन्ना ने 22 साल तक खेलने के बाद टेनिस को खेल से अधिक करार देते हुए कहा कि चुनौतीपूर्ण क्षणों में यह उनके लिए शक्ति, विश्वास और ध्येय का स्रोत रहा। उन्होंने लिखा,'हर बार जब मैं कोर्ट पर उतरता था, तो इसने मुझे हिम्मत और फिर से लड़ने की सीख दी जब मेरे अंदर से आवाज आती थी कि मैं नहीं कर सकता और सबसे बढ़कर इसने मुझे याद दिलाया कि मैंने क्यों शुरू किया था और मैं कौन हूं।' बोपन्ना ने अपने परिवार को भी धन्यवाद दिया।

## नॉर्थ कोस्ट स्क्वाश

# रतिका का दमदार प्रदर्शन सेमीफाइनल में मारी एंट्री



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की रतिका सुथांथरा सीलन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ऑस्ट्रेलिया के कॉफ्स हार्बर में चल रही 6 हजार अमेरिकी डॉलर इनामी पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता नॉर्थ कोस्ट ओपन स्क्वाश के महिला वर्ग के एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हांगकांग की तीसरी वरीयता प्राप्त बोबो लैम को 3-1 से हराया। तमिलनाडु की रहने वाली इस सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी लैम को 11-13, 11-4, 14-12, 12-10 से हराया। सीलन का अगला मुकाबला मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त लोजैन गोहारी से होगा।

### अय्यर को अस्पताल से मिली छुट्टी, बीसीसीआई ने दिया बड़ा अपडेट

**नई दिल्ली ।** भारत के वनडे उप-कप्तान श्रेयस अय्यर को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में कैच लेने के सफल प्रयास के दौरान तिल्ली और पसलियों में चोट लगने के बाद सिडनी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बीसीसीआई ने कहा, 'उनकी (अय्यर) हालत और वह चोट से अच्छी तरह से उबर रहे हैं। सिडनी और भारत के विशेषज्ञों के साथ बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनके स्वास्थ्य लाभ से संतुष्ट है और उन्हें आज अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।' इस 30 वर्षीय खिलाड़ी को 25 अक्टूबर को तीसरे वनडे में हर्षित राणा की गेंद पर एलेक्स कैरी का कैच लेने के दौरान बायीं पसलियों के निचले हिस्से और तिल्ली में चोट लग गई थी और आंतरिक रक्तस्राव होने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। वह फिट होने पर भारत लौट आएंगे, लेकिन कम से कम अगले दो महीने तक वह मैदान से बाहर रहेंगे।

# प्रो कुश्ती लीग जनवरी में वापसी के लिए तैयार

नई दिल्ली। कोविड-19 महामारी के कारण चार सत्र के बाद निलंबित हुई प्रो कुश्ती लीग (पीडब्ल्यूएल) जनवरी 2026 में वापसी के लिए तैयार है तथा इस बार वित्तीय पारदर्शिता और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पहलवानों और फ्रेंचाइजी को सीधे भुगतान करेगा। डब्लयूएफआई ने यह भी कहा कि पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में शामिल पहलवानों के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा और उन्हें नीलामी में अपना नाम दर्ज कराने की अनुमति दी जाएगी। डब्ल्यूएफआई ने पहले सालाना रॉयल्टी फीस पर पीडब्ल्यूएल को मेजबानी करने का अधिकार प्रोस्पोर्टिफाई को दिया था। लेकिन तब संकट खड़ा हो गया जब ज्यादातर प्रतिभागियों ने शिकायत की कि उन्हें कई साल से अपने टीडीएस (टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स) की जानकारी नहीं मिली। डब्ल्यूएफआई ने भी यह दावा किया कि उसे तय रॉयल्टी नहीं मिली। जून 2022 में डब्ल्यूएफआई ने 30 करोड़ रुपये का भुगतान करके लीग का पूरा मालिकाना हक हासिल करने के लिए प्रोस्पोर्टिफाई के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किए। लीग के नए चेयरमैन और प्रमोटर दयान फारूकी ने डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "सभी अधिकार ओनएनओ मीडिया को दिए गए हैं। हमने अतीत से सबक सीखा है, डब्ल्यूएफआई भुगतान पर नियंत्रण रखेगा। जो कोई भी मुकाबला करना चाहता है, वह आगे आ सकता है, किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा।"

# विश्व कप जीतने पर महिला टीम को मिलेगी बड़ी राशि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगर नवी मुंबई में रविवार को वनडे विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर इतिहास रच देती है तो बीसीसीआई हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम को बड़े नकद पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए तैयार है।

माना जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व सचिव और अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के चेयरमैन जय शाह की 'समान वेतन' नीति का अनुकरण करते हुए शीर्ष अधिकारी महिला टीम को उतनी ही पुरस्कार राशि देने पर विचार कर रहे हैं, जितनी पिछले साल टी20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम को दी गई थी। भारतीय पुरुष टीम ने टी20 विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था, जिससे खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की पूरी टीम को उनके प्रदर्शन के लिए 125 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि दी गई थी।



### बीसीसीआई ने किया समान वेतन का समर्थन

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, 'बीसीसीआई पुरुषों और महिलाओं के लिए समान वेतन का समर्थन करता है इसलिए इस बात पर काफी चर्चा हो रही है कि अगर हमारी लड़कियां विश्व कप जीत जाती हैं तो पुरस्कार राशि पुरुषों की विश्व कप जीत की तुलना में कम नहीं होगी। लेकिन विश्व कप जीतने से पहले घोषणा करना अच्छा नहीं है।'

# नहीं मिल रहे महिला विश्व कप फाइनल के टिकट

**नवी मुंबई।** हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम आईसीसी वनडे विश्व कप में इतिहास रचने से एक जीत दूर है और ऐसे में प्रशंसकों के बीच इस मैच को लेकर जबरदस्त उत्साह है लेकिन टिकट नहीं मिलने से उन्हें निराशा का सामना करना पड़ रहा है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच फाइनल रविवार को खेला जाना है और सेमीफाइनल में सात बार की चैंपियन आस्ट्रेलिया को रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करके पांच विकेट से हराने वाली मेजबान टीम को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। सेमीफाइनल में भारतीय टीम के प्रदर्शन के बाद फाइनल के लिए डीवाई पाटिल स्टेडियम के बाहर टिकट के लिए प्रशंसकों की भीड़ देखी जा सकती है। स्टेडियम में दर्शकों को आकर्षित करने के लिए टिकट की कीमत महज 100 रुपए से शुरू थी लेकिन शनिवार दोपहर तक स्टेडियम में दर्शकों के लिए टिकट उपलब्ध नहीं थे।

## पेरिस मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचे अलेक्जेंडर, अब सिनर से मुकाबला

# दो साल बाद ज्वेरेव ने मेदवेदेव के खिलाफ तोड़ा हार का सिलसिला

एजेंसी ▶▶| पेरिस

*अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने दो मैच प्वाइंट बचाकर दानिल मेदवेदेव को 2-6, 6-3, 7-6 (5) से हराया और पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में अपने खिताब का बचाव करने की उम्मीद बरकरार रखी। ज्वेरेव ने इस जीत से मेदवेदेव के खिलाफ पिछले दो साल से चला आ रहा पांच मैचों की हार का सिलसिला समाप्त कर दिया। दुनिया में तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव सेमीफाइनल में दूसरे नंबर के यानिक सिनर से भिड़ेंगे। पिछले सप्ताहांत वियना फाइनल में दोनों की भिड़ंत हुई थी, जहां सिनर ने तीसरे सेट में 7-5 से जीत हासिल की थी। दोनों का एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड 4-4 से बराबर है। निर्णायक सेट में 4-5 के स्कोर पर ज्वेरेव ने मेदवेदेव के खिलाफ दोनों मैच प्वाइंट बचाए। पेरिस मास्टर्स में 2020 फाइनल में ज्वेरेव को हराने वाले मेदवेदेव ने टाईब्रेकर में 5-5 की बराबरी कर ली, लेकिन ज्वेरेव ने फिर से बढ़त बनाते हुए ढाई घंटे में जीत हासिल कर ली।*





### सिनर ने शेल्टन को हराया सेमीफाइनल में पहुंचे

सिनर ने नंबर सात बेन शेल्टन को 6-3, 6-3 से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे वह फिर से नंबर एक रैंकिंग हासिल करने के करीब पहुंच गए। यदि सिनर खिताब जीत लेते हैं, तो यह वर्ष की उनकी पहली मास्टर्स ट्रॉफी होगी और इससे वह फिर से विश्व के नंबर एक खिलाड़ी भी बन जाएंगे। अमेरिकी खिलाड़ी पर सिनर की यह लगातार सातवीं जीत है। फेलिक्स ऑगर अलियासिमे ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले वैलेन्टिन वेचेरोत को 6-2, 6-2 से पराजित किया। सेमीफाइनल में उनका सामना अलेक्जेंडर बुब्लिक से होगा, जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर को बिना सर्विस गंवाए 6-7(5) 6-4 7-5 से हराया।

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की 2025 रिपोर्ट ने भी चेतावनी दी है कि कमजोर हथियार नियंत्रण व्यवस्था के बीच परमाणु हथियारों की नई होड़ शुरू हो रही है। ट्रंप का यह कदम तकनीकी रूप से जटिल है। मगर उनका यह ऐलान परमाणु हथियारों की होड़ को और अधिक बढ़ा सकता है।

# ट्रंप का बड़ा ऐलान, पेंटागन फिर शुरू करे परमाणु हथियारों का परीक्षण, मचा हड़कंप

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन/नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 30 अक्टूबर को दिये गए एक अप्रत्याशित ऐलान ने पूरी दुनिया को हिला दिया है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा कि उन्होंने पेंटागन को निर्देश दिया है कि अमेरिका 33 वर्षों के बाद परमाणु हथियारों का परीक्षण फिर से शुरू करे। ट्रंप की ओर से यह घोषणा दक्षिण कोरिया के बुसान में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ व्यापार वार्ता से ठीक पहले की गई, जिसने वैश्विक तनाव को नई ऊंचाई दे दी है। ट्रंप ने इसे रूस और चीन की परमाणु गतिविधियों का जवाब बताया, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम परमाणु हथियारों के प्रसार को बढ़ावा देगा और दुनिया को महायुद्ध की कगार पर ले जा सकता है।

■ दुनिया महायुद्ध की कगार पर!

## पिछले महीने रूस कर चुका है परमाणु मिसाइल और ड्रोन का परीक्षण


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिका की नेवादा साइट पर 24 जून 1957 को परमाणु परीक्षण का एक दृश्य

## अमेरिकी सीनेटर माज़ी हिरोनो ने 'अनियंत्रित और खतरनाक' कहा

### यूएस ने 1000 से अधिक परमाणु परीक्षण किए

1945 से 1996 तक अमेरिका ने 1,000 से अधिक परमाणु परीक्षण किए, लेकिन 1992 में स्वैच्छिक मोरेटोरियम लगा। व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) 1996 में बनी, जिसपर अमेरिका ने हस्ताक्षर तो किया, लेकिन सीनेट ने अनुमोदन नहीं किया। उत्तर कोरिया के अलावा कोई देश 1990 के दशक के बाद वास्तविक विस्फोट परीक्षण नहीं कर पाया।

### चीन ने साधी चुप्पी

ट्रंप के इस बयान से सिर्फ रूस ही नहीं, बल्कि ईरान और चीन भी भड़क उठा है। ईरान ने इसे 'अरुचिपूर्ण' करार दिया, जबकि चीन ने चुप्पी साधी.. परमाणु स्टॉकपाइल के विस्तार की खबरें तनाव बढ़ा रही हैं। अमेरिकी सीनेटर माज़ी हिरोनो ने इसे 'अनियंत्रित और खतरनाक' बताया। यह भी कहा कि 1992 के बाद अमेरिका ने परीक्षण न करने का फैसला पर्यावरण, स्वास्थ्य और प्रसार रोकने के लिए लिया था।

## रूस ने किया परमाणु हथियारों का परीक्षण

*ट्रंप का ऐलान तब सामने आया जब रूस ने 21 अक्टूबर को परमाणु-सक्षम बुरेवेस्टनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया, जो 8700 मील की दूरी (14000 किलोमीटर) तय कर 15 घंटे हवा में रही। मॉस्को ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा बताया। इसके तुरंत बाद रूस ने पोसेडॉन परमाणु ड्रोन का भी परीक्षण किया, जो उसकी सरमत मिसाइल से 1000 गुना ज्यादा खतरनाक बताया जा रहा है। ऐसे में अमेरिका द्वारा फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने का अब ट्रंप का यह नया बयान रूस के हालिया परीक्षणों से प्रेरित लगता है। क्रेमलिन ने ट्रंप के ऐलान पर सदमा जताते हुए कहा कि यदि अमेरिका वास्तविक विस्फोट परीक्षण करेगा तो 'उचित कदम' उठाए जाएंगे।*

### परमाणु युद्ध का बढ़ सकता है वैश्विक खतरा

अगर अमेरिका ने परमाणु परीक्षण किया तो दुनिया में परमाणु युद्ध का वास्तविक खतरा बढ़ सकता है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) की 2025 रिपोर्ट ने भी चेतावनी दी है कि कमजोर हथियार नियंत्रण व्यवस्था के बीच परमाणु हथियारों की नई होड़ शुरू हो रही है।

**अमेरिका का कई देशों के साथ बढ़ सकता है परमाणु तनाव**

*कार्नेगी एंडोमेंट की अप्रैल 2025 रिपोर्ट चेताती है कि अमेरिका-चीन-रूस-उत्तर कोरिया तनाव से पारंपरिक युद्ध परमाणु में बदल सकता है। भारत जैसे देशों के लिए यह चिंताजनक है, जहां 'नो फर्स्ट यूज' नीति है, लेकिन पड़ोसी पाकिस्तान और चीन की होड़ से भारत पर भी दबाव बढ़ रहा। विशेषज्ञ कहते हैं कि आधुनिक तकनीकें जैसे एआई और हाइपरसोनिक मिसाइलें जोखिम दोगुना कर रही हैं। ट्रंप के सलाहकारों को भी यह ऐलान चौंका गया है।*

**विश्व के 90 प्रतिशत परमाणु हथियार यूएस और रूस के पास**

वैश्विक परमाणु हथियारों की संख्या शीत युद्ध के बाद 70,000 से घटकर 12,241 हो गई। अमेरिका और रूस के पास विश्व के 90 फीसदी परमाणु हथियार हैं। इनमें से रूस के पास 5,580 परमाणु बम और अमेरिका के पास 5,044 परमाणु बमों की खेप है। वहीं चीन 2030 तक 1,000 परमाणु हथियारों के लक्ष्य को लेकर चल रहा है। संयुक्त राष्ट्र की सितंबर 2025 रिपोर्ट में कहा गया कि यूक्रेन युद्ध, ताइवान संकट और मध्य पूर्व तनाव से इसका जोखिम बढ़ा है।

## खबर संक्षेप

### दिवंगत किर्क की पत्नी बोलीं, वेंस मेरे पति जैसे

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व दक्षिणपंथी एक्टिविस्ट रहे चार्ली किर्क की हत्या के करीब 2 महीने बात उनकी विधवा पत्नी एरिका किर्क ने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को अपने पति जैसा बताया है। एरिका ने एक कार्यक्रम में कहा कि कोई कभी मेरे पति की जगह नहीं ले सकता, लेकिन जेडी (वेंस) में मेरे पति की कुछ समानताएं दिखती हैं। यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है।



### चीन ने रिकॉर्ड स्पीड से स्पेस में भेजे यात्री व चूहे

**बीजिंग।** चीन ने बताया कि उसका शेनझोउ-2 अंतरिक्ष यान अपने तीन सदस्यीय दल के साथ देश के अंतरिक्ष स्टेशन तियानगोंग से रिकॉर्ड समय में जुड़ गया है। यह डॉकिंग प्रक्रिया केवल 3.5 घंटे में पूरी हुई- जो पिछले मिशनों की तुलना में करीब तीन घंटे तेज है। मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्री 27 वैज्ञानिक प्रयोगों पर काम करेंगे।

## 12वें एडीएमएम-प्लस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की दो टूक

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र स्वतंत्र व दबाव मुक्त रहे भारत रचनात्मक योगदान को सदैव तैयार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

*राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का जोर विशेष रूप से समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन, और भारत-प्रशांत क्षेत्र में नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता का समर्थन किसी देश के खिलाफ नहीं है, बल्कि सभी क्षेत्रीय हितधारकों के सामूहिक हितों की रक्षा के लिए है*

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को मलेशिया के कुआलालंपुर में 12वें एडीएमएम-प्लस कार्यक्रम में कहा कि आसियान के साथ भारत का रणनीतिक जुड़ाव सिर्फ लेन-देन का नहीं, बल्कि दीर्घकालिक और सिद्धांत-चालित है और यह इस साझा विश्वास पर आधारित है कि भारत-प्रशांत क्षेत्र खुला, समावेशी और दबाव से मुक्त रहना चाहिए। भारत का जोर विशेष रूप से समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन, और भारत-प्रशांत क्षेत्र में नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता का समर्थन किसी देश के खिलाफ नहीं है, बल्कि सभी क्षेत्रीय हितधारकों के सामूहिक हितों की रक्षा के लिए है। 'एडीएमएम-प्लस के 15 वर्षों पर चिंतन और आगे का रास्ता तैयार करना' विषय पर मंच को संबोधित करते हुए सिंह ने जोर देकर कहा कि मलेशिया की अध्यक्षता में 'समावेशिता और स्थिरता' पर जोर देना सामयिक और प्रासंगिक है।

ऐसा सुरक्षा ढांचा हो जो उभरते खतरों से निपट सके

भारत आपसी हित के सभी क्षेत्रों में सहयोग को तैयार


आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह

### मतभेदों के बजाए संवाद को बढ़ावा दें

राजनाथ सिंह ने कहा कि एडीएमएम-प्लस अपने 16वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है और भारत मतभेदों के बजाए संवाद को बढ़ावा देने तथा शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने वाले क्षेत्रीय तंत्रों को मजबूत करने हेतु आपसी हित के सभी क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ाने के लिए तैयार है।

### भारत का दृष्टिकोण रक्षा सहयोग बढ़ाना है

रक्षा मंत्री ने कहा कि हिंद-प्रशांत के लिए भारत का सुरक्षा दृष्टिकोण रक्षा सहयोग को आर्थिक विकास, प्रौद्योगिकी साझाकरण और मानव संसाधन उन्नति प्रदान करता है। उन्होंने एडीएमएम-प्लस को भारत की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' और व्यापक हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण का एक अनिवार्य घटक बताते हुए कहा कि आसियान और प्लस देशों के साथ रक्षा सहयोग को क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और क्षमता निर्माण में योगदान के रूप में देखा जाता है।

### आसियान ने महाशक्ति के रूप में भारत की सराहना की

एडीएमएम अध्यक्ष के रूप में मलेशिया के रक्षा मंत्री ने रभारत को एक महाशक्ति बताया। उन्होंने कहा कि साइबर और डिजिटल रक्षा के साथ-साथ रक्षा उद्योग एवं नवाचार के क्षेत्र में भारत के साथ अपने संबंध को मजबूत करके आसियान को एक समुदाय के रूप में लाभ होगा। उन्होंने एक आत्मनिर्भर रक्षा उद्योग और तकनीकी अनुसंधान प्रणाली स्थापित करने की भारत की क्षमता की सराहना की, जिससे आसियान के सदस्य देशों को लाभ हो सकता है। फिलीपींस के रक्षा मंत्री ने एक महाशक्ति होने के नाते अंतर्राष्ट्रीय कानून और बहुपक्षवाद के प्रति भारत के सम्मान की सराहना की। उन्होंने आगामी भारत-आसियान समुद्री अभ्यास के लिए पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। कंबोडिया के रक्षा मंत्री ने भारत के उदय की सराहना की और संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों, एचएमए और सैन्य चिकित्सा में प्रशिक्षण में इसके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

## आरएसएस पर बैन लगाने वाले कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर बोले सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले

# खरगे इतिहास से सीखें, किसी के चाहने भर से बैन नहीं लग सकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर बैन वाले बयान को लेकर संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने बड़ा पलटवार किया है। जबलपुर में अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक के अंतिम दिन पत्रकार वार्ता में होसबाले ने कहा कि किसी के चाहने भर से किसी पर बैन नहीं लगाया जा सकता। आज के समाज ने संघ को स्वीकार कर लिया है। ऐसे में इस तरह की बात करना गलत है। होसबाले ने इस बात पर जोर दिया कि संगठन पर प्रतिबंध लगाने का कोई कारण तो होना चाहिए, क्योंकि आरएसएस नियमित रूप से राष्ट्र निर्माण में लगा रहता है और जनता ने इसे स्वीकार किया है। संघ पर प्रतिबंध लगाने से क्या हासिल होगा? गौर हो कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संघ पर प्रतिबंध लगाने की बात कही थी। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के मौके पर उन्हें याद करते हुए खरगे ने कहा था कि सरदार पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया था।

### भाजपा से इसलिए नजदीकी क्योंकि वहां हमारे स्वयंसेवक पदाधिकारी

पत्रकार वार्ता में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कार्यकारी मंडल बैठक तथा संघ शताब्दी वर्ष के निमित्त विजयादशमी के उपलक्ष्य में देशभर में आयोजित कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संघ जाति आधारित चुनाव को उचित नहीं मानता। नशामुक्त युवा हो इसके लिए संघ प्रयासरत है। स्वस्थ और शिक्षा के बढ़ते व्यवसायीकरण के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि दोनों विषय संघ की प्राथमिकता में हैं। इस पर लगातार मंथन और कार्य किया जा रहा है। जातिगत जनगणना वहीं तक उचित है जहां तक इसके दुष्परिणाम जातिगत सामाजिक बुराई को न बढ़ाएं। लिविंग रिलेशनशिप संबंधी प्रश्न पर उन्होंने कहा कि ये सामाजिक बुराई है। इससे समाज को आंकलन करना है,गलत है तो प्रयास भी समाज को करना है।

**भारत ने पाकिस्तान को फिर सुनाई खरी-खरी**

# अभिव्यक्ति पर यूएन की रिपोर्ट के दावे को भी कर दिया खारिज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान को फिर से आईना दिखाया है। भारत की प्रथम सचिव भाविका मंगालानंद ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में हो रहे मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन का मुद्दा उठाया और पाकिस्तान से इसे तुरंत बंद करने की मांग की।

साथ ही, भारत ने संयुक्त राष्ट्र की उस रिपोर्ट को भी सिरे से खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि देश की पारंपरिक सांस्कृतिक अभिव्यक्तियां खतरे में हैं। भारत ने साफ कहा कि उसकी पारंपरिक कलाएं और शिल्प आज भी खूब फल-फूल रहे हैं। यह भारत की मजबूत कूटनीति का एक और उदाहरण है, जो एक साथ कई मोर्चों पर अपनी बात मजबूती से रख रहा है।


भारत की प्रथम सचिव भाविका मंगालानंद

### पीओके में मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा

मंगालानंद ने कहा कि पीओके में मानवाधिकारों का भयानक उल्लंघन हो रहा है। पाकिस्तानी सेना वहां के उन नागरिकों को बेरहमी से दबा रही है जो अपने अधिकारों और आजादी के लिए आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीओके के लोग अब पाक के जुल्म और शोषण के खिलाफ बगावत कर रहे हैं। पाकिस्तान बार-बार भारत के खिलाफ झूठे आरोप लगाकर दुनिया का ध्यान भटकाने की कोशिश करता है, लेकिन सच्चाई कभी नहीं बदलती।

### भारत की कलाएं हजारों साल पुरानी: सुब्बा

भारत ने संयुक्त राष्ट्र की उस रिपोर्ट को भी पूरी तरह से गलत बताया जिसमें यह दावा किया गया था कि देश की पारंपरिक सांस्कृतिक अभिव्यक्तियां खतरे में हैं। भारत की ओर से लोकसभा सांसद इंद्र हांग सुब्बा ने इस रिपोर्ट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि भारत की पारंपरिक कलाएं, संगीत, शिल्प और प्रदर्शन कलाएं हजारों साल पुरानी हैं और आज भी पूरे देश में बहुत अच्छी तरह से चल रही हैं। भारत ने अपनी सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों की रक्षा के लिए एक मजबूत कानूनी ढांचा तैयार किया है।

## 55 साल बाद अपने स्कूल पहुंचे थल सेना प्रमुख, बोले

# ऑपरेशन सिंदूर एक धर्म युद्ध, हम नमाज के वक्त हमला नहीं करते



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शनिवार को सतना स्थित अपने बचपन के सरस्वती हायर सेकंडरी स्कूल पहुंचे। करीब 55 साल के लंबे अंतराल के बाद बचपन के स्कूल पहुंचकर जनरल भावुक हो गए। इस स्कूल में उन्होंने 1971-72 में चौथी कक्षा में पढ़ाई की थी। जनरल का छात्रों, शिक्षकों व गणमान्य नागरिकों ने गर्मजोशी भरे अंदाज में स्वागत किया। इस बीच उन्होंने छात्रों को अपने अनुभव साझा किए और कहा कि यह स्कूल ही उनके व्यक्तित्व और राष्ट्र सेवा के संकल्प को मजबूत करने वाला रहा। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए सेना के सिद्धांतों को रेखांकित किया और कहा कि भारतीय सेना धर्म युद्ध की अनुयायी है। यह एक आधुनिक युद्ध के साथ-साथ एक सैद्धांतिक युद्ध भी था। उन्होंने इस मिशन के सिद्धांतों का खुलासा करते हुए कहा, आतंकवादी जितने थे, हमने उन्हें नष्ट किया। लेकिन हमने यह सुनिश्चित किया कि हमला तब न हो जब कोई नमाज पढ़ रहा हो या प्रार्थना कर रहा हो। सेना प्रमुख ने अपनी सफलता का श्रेय अपने विद्यार्थी जीवन की नींव को दिया।




## भारतीय सेना के 'त्रिशूल' युद्धाभ्यास से डरा आतंकी हाफिज सईद!

**सम्मेलन टालने की घोषणा नुक्कड़ सभाओं के जरिए की**

# लाहौर में होने वाला विशाल सम्मेलन टला, बाहरी 'खतरे' का दिया हवाला

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाक मिल्ली मुस्लिम लीग (एमएमएल) ने 2 नवंबर को लाहौर की मीनार-ए-पाकिस्तान पर होने वाले अपने वार्षिक कार्यकर्ता सम्मेलन को स्थगित कर दिया है। एमएमएल को लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जमात-उद-दावा (जेयूडी) का राजनीतिक मोर्चा माना जाता है। ये गुट आतंकी हाफिज सईद के हैं, जिसे अपने भारत विरोधी रुख के लिए जाना जाता है। सम्मेलन को टालने के पीछे की वजह त्रिशूल अभ्यास को माना जा रहा है।


आतंकी हाफिज सईद


युद्धाभ्यास के दौरान थल सेना अत्याधुनिक मिसाइल दागती हुई।

### त्रिशूल में 25 हजार जवान शामिल

भारतीय सेना पाकिस्तान सीमा के पास त्रिशूल नाम का अब तक का संयुक्त युद्धाभ्यास कर रही है। 30 अक्टूबर को शुरू हुए और 10 नवंबर तक चलने वाले इस अभ्यास में तीनों सेनाओं के 25 हजार जवान शामिल हो रहे हैं। भारतीय सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक बयान में कहा कि यह युद्धाभ्यास नियमित प्रकृति के हैं। हर साल तीनों सेनाओं का विशाल युद्धाभ्यास करना भारतीय सेना की परंपरा है।

### नई तारीख का ऐलान नहीं

*एमएमएल सम्मेलन टालने की घोषणा लश्कर कमांडरों ने नुक्कड़ सभाओं के जरिए अनौपचारिक रूप से की है। इस निर्णय को समूह के प्रमुख हाफिज सईद ने मंजूरी दे दी है। सईद के व्यक्तिगत रूप से लाहौर सम्मेलन में उपस्थित होकर उसे संबोधित करने की स भावना थी।*

## पाकिस्तान ने दूसरी बार जारी किया नोटम

पाकिस्तान की नौसेना ने जो नया युद्धाभ्यास के लिए नोटम जारी किया है, वो भारत की तरफ से जारी किए गये पुराने नोटम वाले क्षेत्र में है। तस्वीर में भारत और पाकिस्तान का नोटम वाला क्षेत्र ओवरलैप हो रहे हैं। जानकारों का मानना है कि भारत हवा में अभ्यास कर रहा है और पाकिस्तान समुद्र में, इसलिए शायद टकराव ना हो। हालांकि यह भौगोलिक रूप से ओवरलैप करता है, लेकिन दोनों देशों के बीच स्थापित सैन्य-तकनीकी कॉर्डिनेशन की वजह से किसी अप्रत्याशित टकराव की संभावना नहीं मानी जा रही है। नोटम के मुताबिक पाकिस्तान का यह नौसैनिक अभ्यास 2 से 5 नवंबर तक चलेगा।



पाकिस्तान की ओर से जारी नोटम वाला क्षेत्र

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25